RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः13 , सोमवार, 23 फरवरी 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


सात दिन बाद हरसिद्धि लौटा मृतकों के शव, गांव में गूंजा चीत्कार 03


रामगढ़वा में जदयू का संगठनात्मक चुनाव संपन्न, बबलू साह निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गए 04

मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया दिल धोखा और डिजायर में... 07

## 'मिनी जामताड़ा' में 34 साइबर ठग अरेस्ट, 45 आरोपी फरार

- मथुरा में 240 पुलिसवालों के साथ पहुंचे एसपी,20 गाड़ियों के पहुंचने से हड़कंप

**मथुरा (एजेंसी)।** मथुरा के 'मिनी जामताड़ा' में साइबर ठगों को पकड़ने के लिए एक बार फिर 240 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। 20 से अधिक गाड़ियों से पुलिसकर्मियों के साथ एसपी पहुंचे और दो टीमें बनाकर दो गांवों में रेड किए। पुलिस टीम को देखते ही गांव में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ खेतों में छिप गए।



पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा। घरों की तलाशी ली गई। रविवार सुबह पुलिस ने विशंभरा और झंझावली गांव में रेड किए। करीब 5 घंटे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने 34 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, पुलिस को देखने के बाद 45 लोग फरार हो गए। 5 गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। दरअसल, मथुरा के बॉर्डर क्षेत्र के करीब करीब 8-10 गांव ऐसे हैं जो साइबर ठगी का गढ़ माना जाता है। यहां साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क है जोकि देश-विदेशों में ठगी का अंजाम देता है।

## 'सुप्रीम' फैसले के बाद लटक गई 'ट्रेड डील'

### भारत और अमरीका के बीच नए सिरे से होगी बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट से टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप को करारा झटका लगने के बाद भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए प्रस्तावित बैठक को भी नए सिरे से तय करने का फैसला किया गया है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते के प्रारूप को अंतिम रूप देने के लिए वाशिंगटन में अपने मुख्य वार्ताकारों की प्रस्तावित बैठक को नए सिरे से तय करने का फैसला किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय दल 23 फरवरी से तीन दिन की बैठक शुरू करने वाला था। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं। एक सूत्र ने



कहा,भारत-अमेरिका व्यापार करार के लिए भारतीय वार्ताकारों की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में दोनों पक्षों का मानना है कि अब यह बैठक तब होनी चाहिए जबकि दोनों पक्ष ताजा घटनाक्रमों और उसके प्रभाव का आंकलन कर लें। इसके लिए दोनों पक्षों को समय चाहिए।

### ट्रंप के आर्थिक एजेंडा को लगा एक बड़ा झटका

ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में उनके आर्थिक एजेंडा को एक बड़ा झटका देते हुए अमेरिकी शीर्ष अदालत ने उनके द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए शुल्कों को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति ने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक अधिकार कानून (आईईईपीए) का इस्तेमाल करके अपने अधिकार का गलत इस्तेमाल किया है। अमेरिका ने अगस्त, 2025 में भारत पर 25 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था। बाद में, रूस से कच्चा तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया। इससे भारत पर कुल शुल्क दर 50 प्रतिशत हो गई थी। भारत और अमेरिका इस महीने की शुरुआत में एक अंतरिम व्यापार करार को अंतिम रूप देने के लिए रूपरेखा पर सहमत हुए।

### असम में चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा बीजेपी में हुए शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम में चुनावों के पहले कांग्रेस के बड़ा झटका लगा है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। गुवाहाटी में असम बीजेपी

- सीनियर लीडरशिप से मतभेद के चलते कांग्रेस छोड़ी

अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने दूसरे सीनियर नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल कराया। कुछ दिनों पहले ही बोरा ने इस्तीफा देकर कांग्रेस से 32 साल पुराना नाता खत्म किया था। उन्होंने सीनियर लीडरशिप के साथ मतभेदों को अपने बाहर निकलने का मुख्य कारण बताया। बोरा ने 2006 और 2016 के बीच लगातार दो टर्म तक



बिहपुरिया असेंबली सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें अगस्त 2021 में असम कांग्रेस का प्रेसीडेंट बनाया गया था और पिछले साल मई में उनकी जगह लोकसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे गौरव गोगोई को यह पद सौंप दिया गया था। बीजेपी में शामिल होने के बाद, बोरा ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस को दिया है।

## एआई समिट को कांग्रेस ने बनाया नंगी राजनीति का अखाड़ा

### शर्टलेस प्रदर्शन पर पीएम मोदी का रिएक्शन,जमकर लगाई लताड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पूर्ववर्ती सरकार पर घोटाले का आरोप लगाया। साथ ही पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट में यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए शर्टलेस प्रदर्शन को कांग्रेस की गंदी राजनीति का स्वरूप बताया। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। रविवार को मेरठ में अपने संबोधन के दौरान कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक तरफ आज देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं लेकिन देश में ही कुछ राजनैतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई सम्मेलन हुआ, दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। पूरा देश गर्व से भर गया लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया। कांग्रेस ने गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया।



### समाजवादी पार्टी पर भी बरसे पीएम मोदी

समाजवादी पार्टी को भी निशाने पर लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी की जब दिल्ली में सरकार थी तब यह सब संभव ही नहीं था क्योंकि तब इंफ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाएं घोटालों में ही गुम हो जाती थी। मेट्रो जैसी और उससे जुड़ी अधिकतर तकनीक भी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले भी बंद किए और देश को आत्मनिर्भरता के रास्ते पर भी आगे बढ़ाया।

### देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे कांग्रेसी नेता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है, ये मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, मेरी मां को गाली देने से इन्हें कोई परहेज नहीं है, उन्हें बीजेपी, एनडीए से विरोध है लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि एआई ग्लोबल समिट यह बीजेपी का समारोह नहीं था और न ही बीजेपी का कोई नेता वहां मौजूद था। यह देश का, देश के सम्मान का कार्यक्रम था लेकिन कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है लेकिन दुर्भाग्य देखिए इतनी पुरानी पार्टी के नेता लजाने की बजाय गाजते हैं। देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने कहा, 2014 से पहले मेट्रो का विस्तार धीमी गति से हो रहा था।

## अब 55 मिनट में दिल्ली से पहुंचे मेरठ

- पीएम मोदी ने दिखाई 'नमो भारत रैपिड रेल' के फुल स्ट्रेच को हरी झंडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उद्घाटन कर दिया। दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ के मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर का सफर अब महज 55 मिनट में पूरा होगा। इसे भारत की सबसे तेज सेमी-हाई स्पीड रीजनल रैपिड ट्रेन कहा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद उसमें सफर भी किया। इस



दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों से बातचीत की। आज तक की रिपोर्ट के मुताबिक, नमो भारत रैपिड रेल के संचालन में महिला सशक्तिकरण को खास प्राथमिकता दी जा रही है। करीब 80 प्रतिशत ट्रेन ऑपरेटर महिलाएं होंगी। दिल्ली से मेरठ तक सफर करने वाले यात्रियों के लिए यह बड़ी राहत साबित होगी, क्योंकि वे अब केवल 55 मिनट में यह दूरी तय कर सकेंगे। साथ ही स्मार्ट टिकटिंग वेंडिंग मशीनें लगाई जा रही हैं और क्यूआर कोड आधारित टिकट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस रूट पर कुल छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं, ताकि भविष्य में दिल्ली-अलवर और दिल्ली-करनाल रैपिड रेल को जोड़ा जा सके। हालांकि देश में अभी बुलेट ट्रेन पूरी तरह शुरू नहीं हुई है, लेकिन जानकारों का मानना है कि नमो भारत ट्रेन में कई ऐसी सुविधाएं दी गई हैं जो बुलेट ट्रेन जैसी हैं। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

## एसआईआर में तेजी लाने ऐक्शन में कलकत्ता हाईकोर्ट

- जजों की छुट्टियां रद्द,बंगाल सरकार-ईसी में टकराव जारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़े मामलों में तेजी लाने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। हाईकोर्ट ने 21 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक सभी जिला और सत्र न्यायालयों के न्यायाधीशों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक इस अवधि में बिना हाई कोर्ट की पूर्व अनुमति के कोई भी नई छुट्टी स्वीकृत नहीं की जाएगी। इतना ही नहीं अभी जो न्यायाधीश अवकाश पर हैं, उन्हें भी तुरंत लौटने का आदेश दे दिया गया है। राज्य में में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण




(एसआईआर) प्रक्रिया से जुड़े मामलों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया है। इस बैठक में तय किया गया कि सभी जिलों के सत्र न्यायाधीशों को एसआईआर से जुड़े दावों और आपत्तियों की दैनिक आधार पर सुनवाई के लिए लगाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, लगभग 150 सत्र न्यायाधीश इस प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। इस बैठक में सात रिटायर्ड जजों के नामों पर भी प्रारंभिक स्तर पर विचार किया जाएगा, जिन्हें जिन्हें आगे के आदेशों के अधीन इस कार्य में लगाया जा सकता है।

## ओडिशा में ट्रेलर ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर

### 5 जवानों की हो गई मौत,3 जवानों की हालत नाजुक

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस की बोलेरो गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पांच पुलिस कर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हैं। यह दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास सुबह के समय हुई। पुलिस की बोलेरो ड्यूटी पर थी,




तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो पूरी तरह पिचक गई, जिससे उसमें सवार पांच कर्मियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे में अपनी जान गंवाने वाले जवानों की पहचान कर ली गई है। पुलिस विभाग ने मृतकों के नाम साझा करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है। इस दुर्घटना में ड्रिल सब-इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर कर्मी काशीराम भोई, एपीआर कर्मी देबदत्त सा, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा का निधन हुआ है। दुर्घटना में घायल हुए तीन अन्य कर्मियों में आर्म्ड पुलिस रिजर्व के दो सदस्य और एक सार्जेंट शामिल हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी हुए ढेर

### सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को कर दिया ब्लास्ट

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सेना के मुताबिक आधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।



ऑपरेशन 'किया' के तहत सेना की कार्रवाई

व्हाइट नाइट कोर ने 4 फरवरी को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि जेके डेल्टा, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ का यह जॉइंट ऑपरेशन चलाया था था। इलाके की घेराबंदी की गई। इसे ऑपरेशन किया नाम दिया गया। मुठभेड़ 3 फरवरी की शाम 4 बजे शुरू हुई थी। आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। करीब एक घंटे तक चली मुठभेड़ के दौरान एक आतंकी को गोली लगी, लेकिन वह अपने साथी के साथ गुफा के अंदर जाकर छिप गया।

## भारत और अमेरिकी सेना के बीच 'वज्र प्रहार'

### दोनों देशों के बीच आज से शुरू होगा संयुक्त सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच मजबूत साझेदारी तथा साझा संकल्प को सुदृढ़ करने की भावना के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वज्र प्रहार' होने वाला है। यह सैन्य अभ्यास का 16वां संस्करण है जो सोमवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होगा। भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच मजबूत साझेदारी तथा साझा संकल्प को सुदृढ़ करने की भावना के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'वज्र प्रहार' होने वाला है। यह सैन्य अभ्यास का 16वां संस्करण है जो सोमवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होगा। यह उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय अभ्यास जटिल परिचालन माहौल में परस्पर कार्यक्षमता, सामरिक समन्वय और युद्धक तत्परता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है और यह 15 मार्च तक चलेगा। सेना ने शनिवार को इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया कि



यह अभ्यास रक्षा सहयोग को गहरा करने, परस्पर कार्यक्षमता और संयुक्त परिचालन तत्परता को बढ़ाने तथा उन्नत विशेष अभियानों की रणनीतियों, तकनीकों और प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान के लिए तैयार किया गया है। कठोर और यथार्थपरक परिदृश्यों में प्रशिक्षण के माध्यम से दोनों दल आपसी विश्वास और परिचालन समन्वय को मजबूत करेंगे। पोस्ट में कहा गया है कि इसका उद्देश्य श्रेष्ठ साझेदारियां स्थापित करना और साझा संकल्प को सुदृढ़ करना है। एक वीडियो में इस अभ्यास को सामरिक दक्षता का शिखर बताते हुए दोनों देशों के सैनिकों को विभिन्न चरणों में उच्च-तीव्रता वाले अभ्यासों में भाग लेते हुए दिखाया गया है। अभ्यास 'वज्र प्रहार' का 15वां संस्करण नवंबर 2024 में अमेरिका के इडाहो स्थित ऑर्चर्ड कॉम्बैट ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित किया गया था। इससे पहले जारी एक बयान में रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य विशेष अभियानों की रणनीतियों के आदान-प्रदान, संयुक्तता और परस्पर कार्यक्षमता को बढ़ाकर भारत और अमेरिका के बीच सैन्य सहयोग को प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय ने कहा था कि यह अभ्यास संयुक्त विशेष बल अभियानों के संचालन में संयुक्त क्षमताओं को सुदृढ़ करेगा। अभ्यास में उच्च स्तर की शारीरिक क्षमता, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यासों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।'वज्र प्रहार' अभ्यास दोनों पक्षों को संयुक्त विशेष बल अभियानों के संचालन के लिए अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं और अनुभवों को साझा करने का अवसर देगा।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ ऐक्शन में पुलिस

- कोर्ट का आदेश होते ही पॉक्सो में केस दर्ज, यौन शोषण का है आरोप

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज की कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और तीन अज्ञात के खिलाफ झूंसी थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। एफआईआर में नाबालिगों के यौन शोषण और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने शनिवार देर रात ही यह कार्रवाई पूरी की। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर पुलिस फास्ट हो गई है।



शंकराचार्य के खिलाफ कोर्ट के आदेश देने के कुछ घंटे बाद ही पॉक्सो एक्ट में झूंसी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। एफआईआर में अविमुक्तेश्वरानंद को नामजद करते हुए नाबालिग बच्चों के साथ यौन शोषण और धमकाने का आरोप लगाया गया है। अविमुक्तेश्वरानंद के साथ ही उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी और तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

### विशेष न्यायाधीश दिया पॉक्सो एक्ट में केस का आदेश

प्रयागराज के विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया ने आशुतोष ब्रह्मचारी के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के बाद शनिवार को शंकराचार्य के खिलाफ केस का आदेश दिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी के प्रार्थना पत्र, पीड़ित ए व पीड़ित बी के बयान, स्वतंत्र गवाहों के बयान और प्रयागराज के एडीशनल पुलिस कमिश्नर की जांच रिपोर्ट को ध्यान से और पूरी तरह से देखने पर यह पता चलता है कि आरोपियों पर पीड़ित ए व पीड़ित बी के साथ ही दूसरों से यौन शोषण के गंभीर आरोप हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंडर-19 वर्ल्डकप में जीत के बाद पटना पहुंचे वैभव सूर्यवंशी, टाटा मोटर्स ने कार गिफ्ट की



**पटना।** अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतकर बिहार और देश का नाम रोशन करने वाले क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी रविवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान कई लोग वैभव के साथ सेल्फी लेते नजर आए। पटना पहुंचने के बाद टाटा मोटर्स की ओर से वैभव को कार गिफ्ट किया गया। इस दौरान वैभव के पिता और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। वैभव शाम 4 बजे सीएम आवास पर एक विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव को 50 लाख का चेक देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मौजूद रहें। सरकार इस उपलब्धि को बिहार के खेल इतिहास के लिए गौरव का क्षण मान रही है। युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पटना में युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को एक नई कार गिफ्ट की गई। इस खास मौके पर उनके पिता समेत परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। नई कार की चाबी मिलने के बाद वैभव काफी उत्साहित नजर आए और उन्होंने इसे अपने लिए प्रेरणादायक पल बताया।

### बिहटा के निजी अस्पताल में परिजन-स्टाफ भिड़े, नवजात के इलाज को लेकर जमकर हुई मारपीट

**पटना।** पटना जिले के बिहटा थानाक्षेत्र में स्थित एक निजी चाइल्ड केयर क्लीनिक में मारपीट हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पहुंची, जिसके बाद मामला शांत हुआ। यह घटना बीती रात दक्षिण रेलवे ओवरब्रिज के पास स्थित क्लीनिक में हुई। अब घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। अस्पताल में लगे CCTV कैमरे के फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह विवाद शुरू हुआ और मारपीट में बदल गया। घटना के बाद अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इस घटना में दोनों पक्ष के तरफ से कुछ लोगों को चोटें आई है, जिनका इलाज चल रहा है। फिलहाल, घटना के बाद अभी भी बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, मो. गुड्डू नामक व्यक्ति ने अपने नवजात बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना को लेकर पिता गुड्डू ने बताया कि, 'चार दिन पहले अपने फुलवारी शरीफ में बच्चे का जन्म हुआ। कुछ दिक्कत होने के बाद अपने नवजात बच्चे को श्रीजा चाइल्ड केयर अस्पताल बिहटा में भर्ती कराया था। शनिवार शाम को रोजा खोलने के बाद जब अस्पताल अपने बच्चे को देखने गया। इसी दौरान अस्पताल के स्टाफ ने कुछ जांच के लिए लिखाकर दिया। जांच के बाद जब मैंने डॉक्टर से मिलने की कोशिश की तो अस्पताल के कर्मियों ने इधर-उधर घुमाया। इसी विवाद को लेकर अस्पताल के एक कर्मी राहुल कुमार ने पहले मेरे छोटे भाई के साथ मारपीट किया और गाली दिया गया। इसी विवाद को लेकर रात में मेरे परिवार और मेरे साथ अस्पताल के कर्मियों ने मारपीट की। सीसीटीवी में आप खुद देख सकते हैं।' अस्पताल के डॉ.चंदन कुमार ने बिहटा थाना में मारपीट को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने भी आरोप लगाया कि बच्चे के परिजनों ने पहले अस्पताल के कर्मियों के साथ मारपीट की है। इधर थानाप्रभारी अमित कुमार ने बताया कि, इस घटना में अस्पताल के तरफ से आवेदन दिया गया है, लेकिन दूसरे पक्ष के तरफ से आवेदन नहीं दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।



### अंतरजिला चोर गिरोह का खुलासा, 4 अपराधी गिरफ्तार, 2 गैस एजेंसियों से चोरी वाहन-सिलेंडर बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर दो पिकअप वैन, एक बाइक और कई गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इस गिरोह ने जिले की दो गैस एजेंसियों से लगभग 30 लाख रुपए के सामान की चोरी की थी। लालगंज एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि हाल ही में वैशाली और बेलसर थाना क्षेत्रों में स्थित दो गैस एजेंसियों से पिकअप वाहन और दर्जनों गैस सिलेंडरों की चोरी हुई थी। इन घटनाओं के खुलासे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र से पहले एक अपराधी को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के आधार पर अन्य तीन अपराधियों का सुराग मिला, जिन्हें बाद में अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों ने दोनों चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। एसडीपीओ मंडल के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के साथ दोनों चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया गया है।



### 60 साल के प्रिंसिपल ने मुस्लिम टीचर से की शादी, नेपाल में लिए फेरे, गांव में तनाव

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 60 साल के प्रिंसिपल ने अपने ही स्कूल की टीचर शाइस्ता परवीन(28) से शादी कर ली है। नेपाल के जनकपुरीधाम में शादी करते दोनों की तस्वीरें भी सामने आई है। मामला औराई थाना इलाके का है। प्रिंसिपल का नाम राकेश साह है, जो 4 बच्चों का पिता है। वहीं शाइस्ता के साथ शादी के बाद दोनों परिवारों और गांव में तनाव का माहौल है। लड़की के भाई ने प्रिंसिपल पर बहन के अपहरण का केस दर्ज कराया है। साथ ही आरोप लगाया, 'राकेश साह ने जबरन मेरी बहन को मुस्लिम से हिन्दू बनने पर मजूबर किया है। वहीं, भाई के आरोप के बाद शाइस्ता ने भी वीडिया जारी किया, जिसमें उसने खुद से शादी करने की बात कही है। राकेश साह मुजफ्फरपुर में एक स्कूल के संचालक होने के साथ-साथ वहां शिक्षक भी हैं। शाइस्ता परवीन उसी स्कूल में टीचर थीं। एक ही स्कूल में काम करने की वजह से दोनों की मुलाकातें होती रहीं। फिर बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और समय के साथ नजदीकियां दोनों के बीच बढ़ गईं। दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। जब रिश्ता गहराया तो उन्होंने शादी करने का फैसला किया। बताया जाता है कि 18 फरवरी को दोनों मुजफ्फरपुर से नेपाल चले गए। वहां जनकपुर पहुंचकर दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद उन्होंने फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर इसकी जानकारी सार्वजनिक की।



# युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन केंद्र के खिलाफ आक्रोश

**एजेंसी, पटना**



**गिरफ्तारी और एपस्टीन फाइल पर सरकार से जवाब की मांग**

पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर आज युवा कांग्रेस (बिहार प्रदेश) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने किया। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 'एपस्टीन फाइल्स' में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम सामने आने और एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारियों राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि और प्रदेश सचिव कुंदन यादव को गैरकानूनी ढंग से हिरासत में लिया गया।

**कहा- भारत की अस्मिता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं:** प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री को देश की संप्रभुता और अस्मिता के सवाल पर स्पष्ट रुख रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर मंत्रिमंडल के किसी सदस्य का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी विवादित दस्तावेज में आता है, तो सरकार को देश के सामने स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कहा कि भारत अपनी संप्रभुता के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं करेगा। युवा कांग्रेस भाजपा के हर कथित कुर्कृत्य का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी।

**इनकम टैक्स गोलंबर पर नारेबाजी :** प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "कृष्ण हरि को रिहा करो" और "एपस्टीन फाइल डील पर जवाब दो" जैसे नारे लगाए। कुछ देर तक चौराहे पर यातायात प्रभावित रहा, हालांकि बाद में पुलिस की मौजूदगी में स्थिति सामान्य कराई गई। युवा कांग्रेस का कहना है कि एआई समिट के दौरान युवाओं द्वारा किया गया विरोध लोकतांत्रिक अधिकार के दायरे में था और इसे अपराध की तरह पेश करना गलत है।

**विधायक अभिषेक रंजन का बयान:** इस मौके पर कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। जब सत्ता में बैठे लोग गूंगे और बहरे हो जाते हैं, तब युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करनी पड़ती है। एआई समिट में विरोध करना कोई अपराध नहीं है। जिन युवाओं ने विरोध किया, उन्होंने देश-विरोधी कोई कार्य नहीं किया।

**जिलों में भी प्रतीकात्मक प्रदर्शन:** युवा कांग्रेस ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में भी प्रतीकात्मक पुतला दहन कर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया गया। संगठन ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के सम्मान और विचारधारा की रक्षा के लिए कार्यकर्ता आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।

## साउथ बिहार एक्सप्रेस में घुसे बदमाश

**एजेंसी, पटना**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग से चलकर बिहार के आरा आने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में रविवार को हिंसक घटना हुई है। कुछ अज्ञात लोगों ने ट्रेन के H1 कोच को निशाना बनाया और यात्रियों से मारपीट किया। घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन को फतुहा रेलवे स्टेशन पर करीब डेढ़ घंटे तक रोककर जांच की गई। हालांकि, तब तक सभी आरोपी भागने में सफल रहे।

**H1 कोच में हुई मारपीट, एक यात्री का सिर फटा:** दौलतपुर के रहने वाले नरोत्तम भास्कर ने आरोप लगाया कि 'बख्तियारपुर से एक आदमी कोच का दरवाजा खटखटा रहा था। मैंने दरवाजा नहीं खोला। फिर दूसरी बोगी की ओर गया और उधर से दोबारा आकर अंदर ताक झांक किया। फतुहा स्टेशन पर जब गाड़ी पहुंची तो जोर-जोर से दरवाजे खटखटाना लगा। मुझे संदेह हुआ तो मैंने अपने लोगों को कॉल किया। जब वह लोग दूसरी बोगी से पहुंचे तो यह लोग भागने लगे।

इसी कड़ी में मेरे एक साथी को पत्थर मारकर उसका सिर फोड़ दिया। वह लोग चार-पांच की संख्या में थे। बिलासपुर में शादी थी। वहीं से हम लोग लौट रहे थे।'



**H1 कोच में मारपीट, जीआरपी बताकर दरवाजा खुलवाने की कोशिश, यात्री का सिर फटा, फतुहा में घंटेभर खड़ी रही ट्रेन**

**वीआईपी कोच, किराया फ्लाइट बराबर, सुरक्षा कुछ नहीं- निरंजन:** नालंदा के रहने वाले निरंजन प्रियदर्शी के सिर में चोट लगी है। निरंजन प्रियदर्शी ने बताया कि, इस दौरान मारपीट हो रही थी, उसी दौरान जीआरपी ने भी मुझे ही आरोपी मानकर मारपीट की, जबकि मैं उनसे रिक्वेस्ट करता रहा।

## फरवरी में ही बढ़ी गर्मी, बिहार में पारा चढ़ा

**एजेंसी, पटना**

राजधानी समेत पूरे बिहार में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर रात का तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है, जिससे सुबह और रात में भी हल्की गर्माहट महसूस की जा रही है। राजधानी पटना में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। यह बढ़ोतरी फरवरी महीने के लिए असामान्य मानी जा रही है। सुबह के समय आर्द्रता 58 प्रतिशत तक रही, लेकिन दोपहर होते-होते इसमें गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 49 प्रतिशत तक पहुंच गई। दिन में हल्की पश्चिमी शुष्क हवाएं 7 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं, जिससे धूप का असर और अधिक महसूस हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, आज राज्यभर में आसमान मुख्यतः साफ रहने की संभावना है।



**पटना का न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.5 डिग्री ऊपर, अगले दिनों में 33 पार के आसार**

## बिहार सरकार बोर्ड लगी गाड़ी ने युवक को कुचला मौत, पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर हादसा

**एजेंसी, पटना**

पटना-बख्तियारपुर फोरलेन (NH-30) पर रविवार को कोका-कोला फैक्ट्री के पास एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग बोर्ड लगी एक कार ने पहले सड़क किनारे खड़े ट्रक को टक्कर मारी, फिर एक मजदूर को कुचल दिया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव के साथ नेशनल हाईवे को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर लगभग 5 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार को एक सफेद रंग की कार पटना से बख्तियारपुर की दिशा में जा रही थी। कोका-कोला फैक्ट्री के पास कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।

**कार ने पहले एक ट्रक में पीछे से टक्कर मारी:** कार ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोग सुरक्षित बच गए, लेकिन वे वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसी दौरान, पास की एक फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर नाश्ता कर अपने गोदाम की ओर लौट रहा था। अनियंत्रित कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घायल मजदूर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**निजी गोदाम में मजदूरी करता था युवक:** पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जम्मू के उधमपुर निवासी जीपों राम के 22 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार के रूप में हुई है। अरुण कुमार रोजी-रोटी की तलाश में फतुहा आया था और यहां एक निजी गोदाम में मजदूरी करता था। हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों ने मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे और कार सवारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया। आवागमन पूरी तरह ठप होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही फतुहा थानाध्यक्ष कुमार रौशन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर जाम छुड़वाया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार पर ग्रामीण कार्य विभाग का बोर्ड लगा है, जिसकी जांच की जा रही है। फरार कार सवारों की तलाश जारी है और कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी।



**वाहन ने पहले ट्रक में टक्कर मारी थी**

## पटना में वैश्य महासभा का पारिवारिक होली मिलन समारोह, फाग गीतों पर झूमे लोग

**एजेंसी, पटना**

पटना में वैश्य महासभा बिहार ने शनिवार को राजेंद्र नगर स्थित गणपति उत्सव हॉल में पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों के साथ जनप्रतिनिधी भी मौजूद रहे। समारोह का उद्घाटन वैश्य महासभा बिहार के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार (एडवोकेट), धार्मिक न्यास बोर्ड के सह सदस्य सह स्थानीय विधायक संजय गुप्ता और पटना नगर निगम की मेयर सीता साहू ने संयुक्त रूप से किया।

**अतिथियों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं:** उद्घाटन के बाद, मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। वैश्य महासभा के प्रधान महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता, महिला अध्यक्ष श्रीमती कोमल बरनवाल और महिला महामंत्री श्रीमती रीता जैन ने मेयर श्रीमती सीता साहू को अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।



**अबीर से दिया एकता का संदेश, कई जनप्रतिनिधियों भी रहे मौजूद**

**फाग गीतों पर झूमती दिखी महिलाएं:** समारोह में वक्ताओं ने होली को आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व बताया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को समाज को एकजुट करने का सशक्त माध्यम करार दिया। डॉ. आनंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्य महासभा सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रही है। विधायक संजय गुप्ता ने समाज के विकास में वैश्य समाज की भूमिका की सराहना की। मेयर सीता साहू ने शहर के विकास कार्यों में समाज के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

**आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व:** कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता, महिला अध्यक्ष कोमल वर्णवाल, महिला महामंत्री रीता जैन, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. अमित केसरी, कुमारी नीतू, रेणु गुप्ता, संगीता गुप्ता, कान्ति केसरी, आरती बरनवाल, कल्याणी गुप्ता, देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राजीव गुप्ता, राजकुमार और डॉ. आशुतोष अग्रहरि सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक मिलन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, उल्लास और पारिवारिक वातावरण की झलक देखने को मिली।

## चंदन मिश्रा हत्याकांड, फिल्मी स्टाइल में कोर्ट परिसर में दिखा बादशाह

**एजेंसी, पटना**

पटना के चर्चित चंदन मिश्रा हत्याकांड के आरोपी तौसिफ उर्फ बादशाह का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उसे 'बिहार का बाहुबली' बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तौसिफ के नाम से बनाई गई ID से लगातार 6-7 पोस्ट किए गए हैं। इनमें से तीन पोस्ट पटना सिविल कोर्ट परिसर के बताए जा रहे हैं, जहां वह हाथ में हथकड़ी लगाए कोर्ट परिसर में 'हई जिले का बाहुबली... चला देब गोली त केहू ना बोली' गाने पर रील शूट कराते नजर आ रहा है।

बता दें 17 जुलाई 2025 की सुबह पारस अस्पताल में घुसकर चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में शूटर्स की टीम को लीड तौसिफ ही कर रहा था। फिलहाल वह बेऊर जेल में बंद है।

**तौसिफ ऊर्फ बादशाह कौन है:** पटना के पारस अस्पताल में घुसकर गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या करने वाला शूटर तौसिफ के नाम से सोशल मीडिया पर कई अकाउंट चल रहे हैं, जिन पर उसकी रील्स वायरल हो रही हैं। फुलवारी शरीफ निवासी तौसिफ की मां एक शिक्षिका हैं। उसने पटना के प्रतिष्ठित सेंट कैरेन हाई स्कूल से पढ़ाई की है। हालांकि, बताया जाता है कि पैसा और पावर की चाह में उसने अपराध की दुनिया का रास्ता चुना। खुद को 'बादशाह' बनाने की ख्वाहिश में वह अपने नाम के साथ तौसिफ बादशाह लिखता है। तौसिफ का पूरा नाम तौसिफ रजा है। उसके पिता पटना जंक्शन के पास हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं, जबकि मां एक स्कूल शिक्षिका हैं।



# पटना-राजद ने मनाई संत रविदास की 649वीं जयंती

**एजेंसी, पटना**

संत रविदास की 649वीं जयंती पर आज पटना के मिलर हाईस्कूल मैदान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने किया। इसमें राज्यभर से संत रविदास के अनुयायी बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए पटना पहुंचे हैं। तेजस्वी को चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया। तेजस्वी यादव ने कहा, हर बार की तरह इस बार भी जयंती मनाया जा रहा है। आज के दौर में संत रविदास और ज्यादा प्रासंगिक हैं। सभी को इनके बारे में पढ़ना चाहिए, इनके बारे में सीखना चाहिए। इन्होंने कितना संघर्ष किया था। जो लोग शासन कर रहे, वो गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। सड़कों पर से सब गरीबों को हटाया जा रहा है। सत्ता में महा ठग लोग हैं। चंद अमीरों का काम सरकार कर रही है।




**तेजस्वी यादव बोले- सरकार गरीबों के लिए कुछ नहीं करती, संत रविदास के बारे में सबको पढ़ना चाहिए**

**अपराध, शराबबंदी पर सरकार को घेरा:** आगे कहा, संविधान को खत्म करने का काम सरकार कर रही है। चुनाव में लोग हारे हैं और तंत्र जीता है। बिहार में अपराध बढ़ गया है। झूठा पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिया जा रहा है। पूरे बिहार में शराब बिक रही है। इसमें जेल सिर्फ दलित समाज के लोग जाते हैं। बिहार में एक भी काम बिना घूस दिए नहीं हो रहा है। थाना, ब्लॉक सब का वही हाल है। समाज की गरीबी बेरोजगारी है। तेजस्वी ने कहा, नौकरी में धांधली हों रही है, जो पैसा दे रहा, उसको नौकरी मिल रही है। इलाज, पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है।

**कहा- हमने 2 लाख शिक्षकों को नौकरी दी:** 17 महीने की सरकार में 5 लाख लोगों को नौकरी दी गई है। 2 लाख शिक्षकों को हमने नौकरी दी है। बिहार का दुर्भाग्य है कि बिहार को अचेत मुख्यमंत्री मिला है। कठपुतली मुख्यमंत्री है, भाजपा उनसे अपना काम करवा रही है। क्या-क्या हरकत वो आज कल कर रहे हैं, आप लोग देख ही रहे हैं। चुनाव आता है, पैसा देता है, घूस लेता है। UGC पर तेजस्वी ने कहा कि इसके लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, पहले भी लड़े हैं। इसपर अलग से बात करेंगे।

**सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश:** इस कार्यक्रम का आयोजन रविदास चेतना मंच की ओर से किया गया है। रविदास चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने बताया कि, समारोह को लेकर आयोजकों ने व्यापक तैयारियां की हैं। मंच, पंडाल और सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। कार्यक्रम में संत रविदास के विचारों और उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश पर चर्चा की जाएगी।

वक्ताओं द्वारा उनके जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही समाज के अधिकारों और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर भी आवाज बुलंद की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह समारोह केवल जयंती तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता का संदेश देने का भी माध्यम बनेगा। कार्यक्रम को लेकर अनुयायियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एमजीसीयू मैदान पर जिला प्रशासन की धमाकेदार जीत, 6 विकेट से हराई यूनिवर्सिटी टीम

**बीएनएम @ मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर खेले गए रोमांचक टी-12 क्रिकेट मुकाबले में जिला प्रशासन की टीम ने यूनिवर्सिटी की टीम को 6 विकेट से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा और अंत तक दर्शकों की धड़कनें तेज रहीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूनिवर्सिटी की टीम ने 12 ओवर में 136 रनों का प्रतिस्पर्धी लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में उतरी जिला प्रशासन की टीम ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए 4 विकेट खोकर 138 रन बनाते हुए जीत अपने नाम कर ली। मैच के हीरो रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी और सहायक निदेशक (बाल संरक्षण इकाई) अक्षय कुमार। दोनों ने तूफानी अर्धशतकीय पारियां खेलते हुए मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। उनकी साझेदारी के दौरान मैदान के हर कोने में चौकों-छक्कों की गूंज सुनाई दी। गेंदबाजी में जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज ने कसी हुई लाइन-लेंथ से यूनिवर्सिटी के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। जिला प्रशासन की टीम में असिस्टेंट एसपी हेमंत सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी, जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज, जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार, सहायक निदेशक (बाल संरक्षण) अक्षय कुमार, अतुल रंजन, राजीव कुमार, आदित्य तथा State Bank of India, तुरकौलिया शाखा से ईशांत कुमार शामिल रहे। मैच के उपरांत जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने पूरी टीम को इस यादगार जीत के लिए बधाई दी। मैदान पर प्रशासनिक अधिकारियों का उत्साह और आपसी तालमेल स्पष्ट दिखाई दिया।

### हत्या कांड के फरार नामजद अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी।** मुफस्सिल थाना कांड संख्या-637/25 से संबंधित हत्या मामले में फरार चल रहे प्राथमिक नामजद अभियुक्त शिवचंद्र प्रसाद उर्फ शिवजी प्रसाद के घर पुलिस ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। अभियुक्त गोढ़वा गांव, थाना मुफस्सिल, जिला पूर्वी चंपारण का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शिवचंद्र प्रसाद उर्फ शिवजी प्रसाद लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय से निर्गत आदेश के आलोक में दंड प्रक्रिया संहिता की संबंधित धाराओं के तहत उसके घर विधिवत कुर्की की कार्रवाई की गई। इस दौरान घर में मौजूद चल एवं अचल संपत्ति का सूचीकरण कर जब्ती की प्रक्रिया पूरी की गई और सभी कानूनी औपचारिकताएं संपन्न की गईं। कार्रवाई के दौरान पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में संपत्ति का आकलन और दस्तावेजीकरण किया गया। स्थानीय प्रशासन की देखरेख में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### रामगढ़वा अंचल कार्यालय में उमड़ी फरियादियों की भीड़, जनता दरबार में दो भूमि विवादों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा


**बीएनएम @ रामगढ़वा।** भूमि विवादों के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को रामगढ़वा अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राजा कुमार ने की। सुनवाई के दौरान भूमि विवाद से जुड़े कुल 09 मामले प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और कागजातों की जांच के बाद अधिकारियों ने 02 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया। शेष मामलों में आवश्यक जांच के बाद अगली तिथि निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जनता दरबार में थाना के एसआई रामेश्वर राम, डाटा ऑपरेटर उमाशंकर कुमार, अंचल अमीन चंद्र लोक कुमार एवं कृष्णा राय उपस्थित रहे। अमौदेही गांव से संबंधित एक मामले की बारीकी से जांच की गई। वहीं पानटोला निवासी चौकट राय के आवेदन पर विस्तृत जांच और कागजी प्रक्रिया के लिए समय निर्धारित किया गया है। अधिकांश मामले भूमि मापी, सीमांकन, दाखिल-खारिज और आपसी जमीन विवाद से जुड़े थे। अधिकारियों ने निष्पक्ष सुनवाई कर कई पुराने विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया। अंचलाधिकारी राजा कुमार ने कहा कि भूमि विवादों का त्वरित निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है और आमजन सीधे प्रशासन से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

### चिरैया में दिनदहाड़े चाकूबाजी, आरोपी दो घंटे में गिरफ्तार




**बीएनएम @ चिरैया।** थाना क्षेत्र के अहिरौलिया गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल दीपू कुमार को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना अहिरौलिया सरेह में उस समय हुई जब दीपू कुमार और आलोक कुमार के बीच कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान बरेठा गांव निवासी आलोक कुमार (पिता– विश्वनाथ राय) ने चाकू निकालकर दीपू पर हमला कर दिया। चाकू लगते ही दीपू गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल चिरैया अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति चिंताजनक देखते हुए मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल दीपू कुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी आलोक कुमार से गहरी दोस्ती थी और वह उसकी बहन से प्रेम करता था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद दोनों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया था। इसी विवाद में आलोक ने आवेश में आकर उस पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम गठित की। पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर आरोपी आलोक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी के लिए छापेमारी जारी है तथा मामले की जांच की जा रही है।

### अजय पटेल निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गए



**बीएनएम @ तुरकौलिया।** प्रखंड परिसर में जनता दल (यूनाइटेड) का संगठनात्मक चुनाव समारोह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से अजय पटेल को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी रमाकांत उपाध्याय और पर्यवेक्षक चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ जीतन पटेल की देखरेख में पूरी कराई गई। प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही उम्मीदवार अजय पटेल ने नामांकन दाखिल किया था। अन्य कोई प्रत्याशी नहीं होने के कारण उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। अजय पटेल लगातार पांचवीं बार प्रखंड अध्यक्ष बने हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने का संकल्प लिया। पर्यवेक्षक चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ जीतन पटेल ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की वास्तविक ताकत है। कार्यक्रम में राजकिशोर ठाकुर, रुस्तम आलम, कुणाल सिंह पटेल, शाहिद राजा, हरेन्द्र चौधरी, प्रिंस कुमार, मो. लाडला, कृष्णा चौधरी, मंटू राम, श्यामकिशोर शर्मा, हरेन्द्र पटेल, मुस्तकीम देवान, सुनील कुमार, पिंटू चौधरी, धर्मेंद्र पटेल, मो. वकील, गौतम कुमार, सज्जाद आलम, विवेक कुमार पटेल, उर्मिला देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सात दिन बाद हरसिद्धि लौटा मृतकों के शव, गांव में गूंजा चीत्कार

बीएनएम@ राकेश कुमार





**मोतिहारी।** राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में जान गंवाने वाले हरसिद्धि थाना क्षेत्र के चार युवकों के शव सात दिन बाद जब उनके पैतृक गांव पहुंचे, तो पूरा इलाका मातम में डूब गया। रविवार को एक के बाद एक एम्बुलेंस जैसे ही मटियरिया और मुरारपुर पंचायत में दाखिल हुईं, सायरन की आवाज ने गांव के सन्नाटे को तोड़ दिया। प्रतीक्षा में बैठे परिवारों की आखिरी उम्मीद भी उसी क्षण टूट गई। मटियरिया गांव में एक साथ तीन शव पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। अभिषेक कुमार, श्याम कुमार और अमरेश कुमार के घरों के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुरारपुर पंचायत के रवि कुमार का शव पहुंचते ही वहां भी करुण क्रंदन शुरू हो गया। एम्बुलेंस रुकते ही माता-पिता अपने बेटों के ताबूत से लिपटकर बिलख पड़े। बहनों की रुलाई और बच्चों की सिसकियां सुन हर आंख नम हो उठी। कई महिलाएं बेसुध हो गईं और गांव का माहौल असहनीय पीड़ा से भर गया। विस्फोट इतना भीषण था कि शवों की पहचान डीएनए जांच से करनी पड़ी। पूरे सप्ताह परिजन एक-एक खबर के इंतजार में बैठे रहे। जब सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद शव गांव लाए गए, तो हर गली में सन्नाटा और हर आंगन में विलाप सुनाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि चारों युवक अपने-अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ थे। बेहतर रोज़गार की तलाश उन्हें घर से दूर ले गई थी, पर किसी ने नहीं सोचा था कि वे अंतिम यात्रा में लौटेंगे। कई घरों में चूल्हा नहीं जला है और बच्चों के भविष्य को लेकर परिजन गहरे सदमे में हैं। गांव अब भी अपने चार जवान बेटों को खोने के दर्द से उबर नहीं पा रहा है।

## श्याम का शव देखने पहुंची नानी संकेशिया देवी की सदमे से मौत



**हरसिद्धि।** फैक्ट्री विस्फोट में मृत श्याम कुमार का अंतिम दर्शन करने पहुंचीं उनकी नानी संकेशिया देवी की भी सदमे से मौत हो गई। वे प्रखंड रामगढ़वा के सिसवनिया गांव की रहने वाली थीं। बताया जाता है कि जैसे ही उन्होंने अपने नाती का शव देखा, वे खुद को संभाल नहीं सकीं और अचानक बेहोश होकर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें संभालते हुए उपचार की कोशिश में जुटे, लेकिन कुछ ही देर में उनकी सांसें थम गईं। इस घटना ने पहले से गहरे शोक में डूबे परिवार को पूरी तरह झकझोर दिया है। एक ओर श्याम की अंतिम विदाई की तैयारी चल रही थी, वहीं दूसरी ओर नानी की मौत की खबर से माहौल और भी गमगीन हो गया। लगातार हो रही मौतों से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही परिवार पर टूट रहे इन दुखों ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है।

## घायलों में अनूप की दिल्ली एम्स में मौत

**हरसिद्धि।** फैक्ट्री विस्फोट में गंभीर रूप से घायल अनूप कुमार (16 वर्ष) की इलाज के दौरान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में मौत हो गई। हादसे के बाद उनकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई थी, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें दिल्ली रेफर किया गया था। एम्स में डॉक्टरों की लगातार निगरानी और उपचार के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अनूप की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, एक बार फिर मातम छा गया। पहले से शोक में डूबे परिवार पर यह नई चोट असहनीय साबित हो रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अनूप अपने परिवार की उम्मीदों का सहारा था। इस त्रासदी ने न केवल एक परिवार, बल्कि पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है।

## सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल तैनात

**हरसिद्धि।** हालात को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हरसिद्धि, पहाड़पुर, गोविंदगंज और अरेराज थाना क्षेत्रों की पुलिस के साथ केसरिया शक्ति बल की तैनाती की गई। सुरक्षा व्यवस्था की कमान वरीय अधिकारियों ने संभाली। मौके पर अरेराज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार स्वयं मौजूद रहे। उनके साथ प्रशिक्षु डीएसपी सह हरसिद्धि थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, एसआई अंजली कुमारी व अन्य लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए थे।



## मेडिकल टीम नदारद, उठे गंभीर सवाल

**हरसिद्धि।** संवेदनशील और भावनात्मक माहौल के बीच जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित थे, वहीं मेडिकल व्यवस्था पूरी तरह अनुपस्थित रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ और शोकपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए एहतियातन एम्बुलेंस या चिकित्सकीय टीम की तैनाती की जानी चाहिए थी, लेकिन मौके पर ऐसी कोई व्यवस्था दिखाई नहीं दी। मृतकों के परिजन बार-बार बेसुध हो रहे थे। कई लोग गहरे सदमे में थे और महिलाओं की तबीयत बिगड़ने की घटनाएं भी सामने आईं। ऐसे हालात में तत्काल प्राथमिक उपचार और चिकित्सकीय निगरानी की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही थी, पर हरसिद्धि की मेडिकल टीम स्थल पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी पुलिस बल की तैनाती की जा सकती है, तो आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम क्यों नहीं पहुंची। इस मामले को लेकर लोगों में असंतोष देखा गया। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## तुरकौलिया में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, कार्यकर्ताओं से लिया गया फीडबैक

बीएनएम @ तुरकौलिया




प्रखंड मुख्यालय के समीप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तहत संगठन सृजन अभियान का विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार अंजुमन ने की। इसमें गुजरात कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हिम्मत सिंह पटेल पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए, जबकि जिला अध्यक्ष शशिभूषण सिंह उर्फ गप्पू राय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तुरकौलिया और हरसिद्धि प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पर्यवेक्षक हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं से एक-एक कर संवाद कर संगठन की मजबूती, सक्रियता और नेतृत्व को लेकर सुझाव लिए जा रहे हैं। साथ ही प्रखंड एवं जिला नेतृत्व के कार्यों पर भी फीडबैक लिया जा रहा है, ताकि जमीनी स्तर पर प्रतिबद्ध और सक्रिय नेतृत्व की पहचान हो सके। जिला अध्यक्ष गप्पू राय ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में उनके नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कृषि नीति और अमेरिका से हुए समझौते को लेकर भी चिंता जताई। मौके पर ममता निषाद, अनवर आलम अंसारी, विजय शंकर पांडेय, सत्येंद्र नाथ तिवारी और शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़ी वारदात की साजिश नाकाम, मझौलिया में हथियार के साथ चार दबोचे गए

बीएनएम @ बेतिया



मझौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध आग्नेयास्त्र के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो देशी पिस्टल, सात जिंदा कारतूस और चार मोबाइल फोन के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार, 21 फरवरी 2026 की शाम मझौलिया बाजार स्थित आरके ज्वेलर्स के पास कुछ अपराधियों के किसी बड़ी वारदात की योजना बनाने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेतिया सदर-1 के नेतृत्व में मझौलिया थाना पुलिस एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अखय कुमार (उम्र करीब 20 वर्ष) के पास से दो देशी पिस्टल एवं चार जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं पवन कुमार (उम्र करीब 23 वर्ष) के निशानदेही पर उसके घर से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार अन्य अभियुक्तों में राजा ठाकुर (उम्र करीब 38 वर्ष) एवं चंकी पांडेय उर्फ मृत्युंजय पांडेय (उम्र करीब 29 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी मझौलिया थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। इस मामले में मझौलिया थाना कांड संख्या 192/26 दर्ज करते हुए धारा 111(2)(ii), 111(4) बीएनएस एवं 25(1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अन्य संभावित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक (सदर अंचल) विजय कुमार, सह-थानाध्यक्ष अमर कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, डीआईयू प्रभारी इन्द्रजीत पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक आलोक कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार पासवान, पुरुषोत्तम पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक विश्वनाथ सिंह, पीटीसी 557 निलेश कुमार, सिपाही 641 रामदुलार सिंह, सिपाही 10 राजेश शर्मा, सिपाही 547 आनंद कुमार एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## जी.के.मेमोरियल स्कूल का वार्षिकोत्सव सह रंगोत्सव संपन्न

» बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं अभिनय से देश की कला व संस्कृति को मंच पर जीवंत कर दिया

बीएनएम @ सुगौली @ मृत्युंजय कुमार पाण्डेय



प्रखंड क्षेत्र के छपरा बहास स्थित जी. के. मेमोरियल स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव सह रंगोत्सव का समारोह देश की कला और संस्कृति की बहुरंगी छटा बिखेरते हुए संपन्न हुआ। दो सत्रों में आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय के ट्रस्टी व भाजपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल खंडेलवाल, निदेशक अमरेंद्र पाण्डेय, प्राचार्य डॉ. अब्राहम जार्ज व उप प्राचार्य स्मिता पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम सत्र में स्थानीय विधायक राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता ने मौके पर उपस्थित अभिभावकों, छात्र छात्राओं तथा गणमान्य जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय इस शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने विद्यालय के आधारभूत संरचना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति तथा शिक्षण में नीत नवाचार को खुब सराहा। वहीं ट्रस्टी रामगोपाल खंडेलवाल ने कहा कि विद्यालय का मूल उद्देश्य छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ भविष्य में आने वाली जीवन की विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने में समर्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही देश के भावी कर्णधारों को तरासने का काम करते हैं। वहीं विद्यालय के निदेशक अमरेंद्र पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय मेधावी छात्र छात्राओं को शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति की सुविधा से आच्छादित करेगा। उन्होंने विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को विज्ञान, वाणिज्य तथा कला संकाय के शिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। समारोह के दूसरे सत्र में छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया।महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी दिए जाने के प्रसंग का छात्रों ने अपने अभिनय से जीवन्त चित्रण कर देश की आजादी में महान बलिदानियों के बलिदानों की स्मृतियों को ताजा कर दिया। छात्र छात्राओं ने वीरों की भूमि राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों के गीतों पर अपने अविस्मरणीय नृत्य व अभिनय से देश की अनेकता में एकता की अवधारणा को जीवंत बना दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन विद्यालय के प्राचार्य डॉ अब्राहम जार्ज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

## एन-ए-लाइब्रेरी का हुआ भव्य उद्घाटन

बीएनएम @ मोतिहारी



अगरवा स्थित शिव मंदिर परिसर में संचालित "एन-ए-लाइब्रेरी" का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह नगर विधायक प्रमोद कुमार एवं उप मेयर लालबाबू प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर शिक्षा, समाज और नई चेतना जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का सशक्त केंद्र होता है। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार ने कहा कि युवाओं को सही दिशा देने में पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पढ़ने की आदत व्यक्ति को जागरूक नागरिक बनाती है और उसमें विवेकपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता विकसित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अखिलेश कुमार ने की। उन्होंने डिजिटल युग में भी पुस्तकों की प्रासंगिकता पर बल दिया। कार्यक्रम में संदीप कुमार रौनक समेत नगर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पुस्तकालय के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## तीसरी बार पताही प्रखंड जदयू अध्यक्ष बने मो. अमिरुल हक, निर्विरोध हुआ चुनाव

बीएनएम @ पताही



प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) के प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं प्रखंड प्रवेक्षक ब्रजकिशोर ठाकुर की देखरेख में संपन्न कराई गई। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए मो. अमिरुल हक ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन की अंतिम समय सीमा तक उनके विरोध में किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नामांकन नहीं किए जाने के कारण चुनाव निर्विरोध हो गया। सभी औपचारिक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने मो. अमिरुल हक को तीसरी बार प्रखंड जदयू अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर उपस्थित जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मो. अमिरुल हक को फूल-माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई, जिसमें मो. अमिरुल हक को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर जदयू नेता रमेश चंद्र मिश्रा, जयनारायण गुप्ता, चंदेश्वर महतो, ई. इजमामुल हक, ब्रजकिशोर सिंह, पवन सिंह बंसल, मोहन महतो, लाल बाबू सिंह, ओमप्रकाश ठाकुर, सुरेश पासवान, मो. मनीर, नसीमा खातून, कमोद पटेल, रेखा देवी, मो. एकरामुल हक, प्रीति देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। मो. अमिरुल हक के लगातार तीसरी बार प्रखंड अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और पार्टी संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नशे पर पुलिस का शिकंजाः हरसिद्धि व सुगौली में छापेमारी, तीन गिरफ्तार

बीएनएम @ हरसिद्धि/सुगौली







पूर्वी चंपारण में सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को दो अलग-अलग जगहों पर सफलता मिली है। हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मटियरिया कांटा के पास एक गुमटी से 19 पुड़िया गांजा बरामद किया गया, जबकि सुगौली थाना क्षेत्र में एक चाय दुकान से गांजा के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है। हरसिद्धि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मटियरिया कांटा के पास एक गुमटी से गांजा की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान 19 पुड़िया गांजा बरामद किया गया। मौके से नसीम आलम (पुत्र मस्तकीम मियां), निवासी लक्ष्मनवा पैठन पट्टी वार्ड संख्या 08, थाना हरसिद्धि को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में नसीम आलम ने बताया कि सुगौली थाना क्षेत्र के रौशन सपाहा निवासी संदीप यादव (पुत्र चंचल राय) भी गांजा बिक्री के धंधे में संलिप्त है। सूचना के आधार पर सुगौली में छापेमारी की गई, जहां से 8 पुड़िया गांजा एवं कुछ नकद राशि बरामद कर संदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ कुमार ने बताया कि "क्षेत्र में नशा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

**बेवफा टी सेंटर से 50 ग्राम गांजा के साथ दुकानदार गिरफ्तार-** इधर, सुगौली थाना क्षेत्र के लालपरसा सिकरहना नदी घाट स्थित 'बेवफा टी सेंटर' पर रविवार को पुलिस ने छापेमारी कर 50 ग्राम गांजा के साथ दुकानदार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेलवतिया निवासी राजदेव सहनी के पुत्र शिवपूजन सहनी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि सूखा नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। एक सप्ताह पूर्व सुगौली के युवा व्यवसायियों ने चाय दुकानों में बने केबिनों में युवाओं और किशोरों द्वारा सूखे नशे के सेवन की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने निगरानी बढ़ाई और छापेमारी कर सफलता हासिल की। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थ बरामद; दो कारोबारी गिरफ्तार-** वहीं पताही पुलिस ने सूखे नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा सहित अन्य नशीले पदार्थों के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पूर्वी चंपारण जिला के पताही थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान की गई।इस संबंध में पताही थानाध्यक्ष बबन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पताही पुलिस ने पदुमकेर गांव निवासी रामचंद्र सिंह को गिरफ्तार किया, जिसके पास से भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए गए। तलाशी के दौरान उसके पास से 220 पीस लहरी,68 पीस गोगो,14 पुड़िया गांजा,9 पीस चिलम बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल से 63 पुड़िया गांजा बरामद किया गया। इस मामले में जिहुली निवासी धनंजय सिंह उर्फ अखिलेश सिंह को गिरफ्तार किया गया तथा मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पताही पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडप पूजन के साथ शोभा यात्रा का शंखनाद

छपरा में रामनवमी की तैयारी



**बीएनएम @ सारण।** छपरा जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव, रामनवमी को लेकर भक्ति और उत्साह का संचार होने लगा है। आगामी भव्य शोभा यात्रा की सफलता और इसे निर्विघ्न संपन्न कराने के संकल्प के साथ शहर के दो अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर विधि-विधान से मंडप पूजन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही रामनवमी आयोजनों की औपचारिक शुरुआत हो गई है। इस वर्ष श्रीरामनवमी शोभा यात्रा समिति और श्रीरामजन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति न्यास द्वारा अलग-अलग मंडप पूजन किए गए, जिनमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और स्थानीय शोभा यात्रा समितियों के सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुए इस मंडप पूजन ने पूरे शहर को राममय बना दिया है। आयोजकों का मानना है कि यह पारंपरिक शुरुआत न केवल आयोजन को दिव्यता प्रदान करती है, बल्कि कार्यकर्ताओं में सेवा और समर्पण का उत्साह भी भरती है।

### स्वच्छ वातावरण से ही रहेंगे स्वस्थः थानाध्यक्ष

थाना परिसर में की साफ-सफाई और वृक्षों का पटवन



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल के निर्देशानुसार, धनहा थाना परिसर में रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुलिस निरीक्षक रामाकांत तिवारी और थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों, जवानों और चौकीदारों ने सामूहिक रूप से थाना परिसर की साफ-सफाई की। इस दौरान पुलिस टीम ने हाथों में कुदाल और सफाई उपकरण लेकर परिसर में उगे घास-फूस को साफ किया और थाना परिसर को स्वच्छ बनाया।स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए अधिकारियों ने थाना परिसर में स्थित आम के पेड़ों और फूलों के पौधों की सिंचाई (पटवन) कर उन्हें सुसज्जित किया। पुलिस निरीक्षक रामाकांत तिवारी ने कहा कि वायुमंडल को प्रदूषण के खतरे से बचाने और स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण अनिवार्य है। धनहा पुलिस द्वारा प्रत्येक रविवार को यह अभियान चलाया जाता है, ताकि कार्यस्थल का वातावरण न केवल स्वच्छ रहे, बल्कि हरियाली के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा भी मिले। इस पहल का उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है।

### मन की बात' से मिलती है राष्ट्र निर्माण की प्रेरणाः विधायक



**बीएनएम @ बगहाः** बगहा विधायक राम सिंह ने रविवार को चौतरवा कमल प्लॉट स्थित बूथ संख्या 299 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता पर प्रकाश डाला और संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया।विधायक राम सिंह ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता श्रीकांत हालदार, पंचायत अध्यक्ष तपन कुमार और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात किया।

### भगवानपुर दियारा से 35 लीटर शराब जब्त

**बीएनएम @ बगहाः** बगहा पुलिस जिला के नदी थाना की पुलिस ने शनिवार की रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भगवानपुर दियारा के नौतन गुरवलिया क्षेत्र से भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के बरवा पट्टी से शराब की एक खेप दियारे के रास्ते बेतिया जिला के नवलपुर और जोगापट्टी की ओर ले जाई जाने वाली है।सूचना के आधार पर प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में छापेमारी की। इस दौरान एक बाइक पर लदे चार कार्टन (कुल 35 लीटर) देसी शराब को बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से तस्कर व्यास चौधरी उर्फ जयप्रकाश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया, जो भगवानपुर दियारा का ही निवासी है। पुलिस ने शराब और बाइक को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## रामगढ़वा में जदयू का संगठनात्मक चुनाव संपन्न, बबलू साह निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गए

बीएनएम @ रामगढ़वा



स्थानीय प्रखंड में जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) का संगठनात्मक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत सर्वसम्मति से बबलू साह को प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव की पूरी प्रक्रिया पटना से आए प्रदेश महासचिव आबिद हुसैन तथा जिला से आए चुनाव पर्यवेक्षक बद्री पासवान की सीधी देखरेख में संपन्न हुई। निर्वाचन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने बताया कि प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए कुल दो कार्यकर्ताओं ने नामांकन दाखिल किया था। संवीक्षा के दौरान ध्रुव कुशवाहा का नामांकन तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया, जिसके बाद बबलू साह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन की भी मुस्तैदी रही। एसआई मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। बबलू साह के नाम की आधिकारिक घोषणा होते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपनी प्रसन्नता जताई और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ जदयू नेता प्रो. दिनेश चंद्र प्रसाद, रितेश पटेल, रामप्रकाश, चंदन कुमार, हारूनी राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से गरीब की गृहस्थी राख, आधा दर्जन पशुओं की मौत

» शंकरपुर में आधी रात को मची चीख-पुकार

बीएनएम @मधेपुरा



मधेपुरा जिले के शंकरपुर प्रखंड अंतर्गत गिद्दा पंचायत के कजरा कामत (वार्ड संख्या 10) में शनिवार की देर रात एक हृदयविदारक अग्निकांड की घटना घटी, जिसने एक गरीब परिवार की जीवनभर की जमा-पूंजी को राख के ढेर में बदल दिया। घटना रात करीब 11 बजे की है, जब गृहस्वामी मोहम्मद इस्लाम का पूरा परिवार गहरी नींद में सोया हुआ था। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक भड़की आग ने फूस और लार-पतवार से बने घर को देखते ही देखते अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि घर में बंधे करीब आधा दर्जन पालतू पशु, जिनमें चार बकरियां और उनके बच्चे (नेमने) शामिल थे, जिंदा झुलसकर मर गए। पशुओं की चीख-पुकार और आग की उठती लपटों को देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पंपसेट व बाल्टियों की मदद से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग की विकरालता के सामने सारे प्रयास विफल रहे।इस तबाही में मोहम्मद इस्लाम की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई, जिसमें लाखों रुपये मूल्य की रूई धुनने वाली मशीन, अनाज, कपड़े, बर्तन और बिछावन शामिल थे। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी पहुंची, परंतु तब तक सब कुछ जल चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस हादसे में उनकी वर्षों की मेहनत और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है, जिससे वे अब खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। इस आपदा के बाद पीड़ित परिवार ने अंचलाधिकारी राहुल कुमार से तत्काल जांच कर सरकारी मुआवजा और सहायता उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है, ताकि वे इस संकट की घड़ी से उबर सकें और अपना जीवन पुनः व्यवस्थित कर सकें।

## गीता की सात विभूतियों से होगा सशक्त राष्ट्र का निर्माणः डॉ.पूजा कुमारी

बीएनएम @ सीवान

सीवान के विद्या भवन महिला महाविद्यालय परिसर में विद्या भारती द्वारा आयोजित "सप्तशक्ति संगम" का समापन समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की।मुख्य वक्ता डॉ. पूजा कुमारी ने श्रीमद्भगवद्गीता के विभूति योग का संदर्भ देते हुए नारी की सात दिव्य शक्तियों—कीर्ति, श्री, वाक्, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा—पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये गुण भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य विभूतियाँ हैं, जो सशक्त परिवार और सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ममता सिंह ने की, जबकि संचालन प्रीति कुमारी द्वारा किया गया। प्रोफेसर रीता कुमारी ने वृत कथन प्रस्तुत किया और आशा रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विभाग निरीक्षक अनिल कुमार राम के नेतृत्व में सभी स्थानीय महावीरी विद्यालयों के आचार्यों और कर्मियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति में नारी की गरिमा को पुनः प्रतिष्ठित करना था।

## संबल योजना से सशक्त हो रहे बिहार के दिव्यांगजनःडॉ. प्रेम कुमार

» विधानसभा अध्यक्ष ने बांटीं 38 मोटराइज्ड ट्राइसिकल

बीएनएम @गयाजी



गया के चंदौती स्थित नगर अंचल परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 38 दिव्यांगजनों के बीच मोटराइज्ड ट्राइसिकल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये आधुनिक ट्राइसिकल दिव्यांगों को शिक्षा और स्वरोजगार की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगी। डॉ. कुमार ने सरकार के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' को दोहराते हुए बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस दौरान लाभुकों ने संबल योजना के तहत मिल रहे इन उपकरणों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया और खुशी जताते हुए कहा कि अब वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर बेहतर जीवन जी सकेंगे।कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक अविनाश कुमार ने विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक साल में कुल 669 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल का लाभ दिया गया है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान व्हीलचेयर, हियरिंग ऐड, बैशाखी और डिजिटल ब्लाइंड स्टिक जैसे अन्य सहायक उपकरणों से 772 दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने इच्छुक पात्र व्यक्तियों से आग्रह किया कि जो भी दिव्यांगजन इन उपकरणों का लाभ उठाना चाहते हैं, वे आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र (UDID), 2 लाख से कम का आय प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र के साथ आधिकारिक पोर्टल sambalyojana.bihar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आवेदक अपने संबंधित ब्लॉक, नजदीकी बुनियाद केंद्र या जिला कार्यालय में जाकर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन की बाधाओं को दूर कर उन्हें शारीरिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है।

## गया जी को मिली अत्याधुनिक चिकित्सा की सौगातः डॉ. प्रेम कुमार

गया जी में बोधि सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

बीएनएम @ गयाजी



गया के मगध कॉलोनी (रोड नं. 3) में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। यहाँ नवनिर्मित बोधि सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इस तरह के अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र के खुलने से गयावासियों को अब गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्होंने इसे बेहतर और सुलभ चिकित्सा की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।अस्पताल के निदेशक मंडल—डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. उमाशंकर कुमार, डॉ. दीपक कुमार और श्री ऋषि कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल "करुणा, देखभाल और प्रतिबद्धता" के मूल मंत्र के साथ संचालित होगा। यह केंद्र मल्टीस्पेशियलिटी सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर जैसी उच्च स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। समारोह में कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर क्षेत्र के लिए इसे एक बड़ी सौगात बताया।

## गोपाल और मानिकचंद के हाथों में फिर मिली सेक्टर की कमान

गया जी में जदयू का सांगठनिक चुनाव

बीएनएम @ गयाजी



महानगर जदयू के सांगठनिक ढांचे को मजबूती देने के उद्देश्य से गया जिला नगर निर्वाचन पदाधिकारी पुष्पेंदू पुष्प की देखरेख में दो महत्वपूर्ण सेक्टरों के अध्यक्षों का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत बागेश्वरी और रमना सेक्टरों में पार्टी के क्रियाशील सदस्यों ने अपने मताधिकार और सर्वसम्मति का प्रयोग किया।रामशीला रोड स्थित एक बैंक्विट हॉल में आयोजित बागेश्वरी सेक्टर के चुनाव में सेक्टर निर्वाचन पदाधिकारी श्याम प्यारे मेहता और पर्यवेक्षक अभिमन्यु सिंह बौद्ध की मौजूदगी रही। यहाँ नरेश प्रसाद कुशवाहा, संजय यादव और सुनील कुमार अधिवक्ता सहित 20 से अधिक सदस्यों ने सर्वसम्मति से गोपाल प्रसाद को पुनः निर्विरोध बागेश्वरी जदयू सेक्टर अध्यक्ष चुना। दूसरी ओर, रमना स्थित कन्या पाठशाला रोड में आयोजित चुनाव प्रक्रिया सेक्टर निर्वाचन पदाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद भदानी और पर्यवेक्षक अमरेंद्र कुमार दिवाकर की निगरानी में संपन्न हुई। यहाँ भी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए मानिकचंद गुप्ता को पुनः निर्विरोध रमना सेक्टर अध्यक्ष निर्वाचित किया। इस दौरान लालजी प्रसाद, उमेश प्रसाद गुप्ता, अब्दुल कादिर और नीतीश पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। निर्वाचन पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्षों को बधाई देते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया।

## लौकरिया मिडिल स्कूल में किसान कौंसिल की बैठक संपन्न

स्वामी जी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे किसान

बीएनएम @ बेतिया



बैरिया प्रखंड के लौकरिया मिडिल स्कूल में बिहार राज्य किसान सभा की अंचल किसान कौंसिल द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव ने की। इस सभा में महान किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती की 137वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी जी के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 1929 में सोनपुर में किसान सभा की स्थापना की थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष स्वयं स्वामी जी और प्रथम सचिव डॉ. श्रीकृष्ण सिंह बने थे। बैठक में स्वामी सहजानंद द्वारा बिहटा चीनी मिल के किसानों के शोषण के विरुद्ध किए गए संघर्ष और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किसानों को संगठित करने की गौरवशाली गाथा पर चर्चा की गई।वर्तमान परिप्रेक्ष्य में किसानों की समस्याओं को देखते हुए बैठक में एक बड़ा निर्णय लिया गया। गोरखपुर-सिलीगुड़ी सिक्स लेन एक्सप्रेसवे के निर्माण से प्रभावित जमीन मालिक किसानों की समस्याओं पर विचार करने के लिए आगामी 8 मार्च को लौकरिया में एक विशाल किसान सभा बुलाई गई है, जिसमें भविष्य के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इस बैठक में सुनील यादव, संजय राव, हरिओम यादव, संजीव कुमार राव, हरिशंकर यादव, इन्द्रदेव पंडित और ललन पटेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने किसान एकता और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का सामूहिक संकल्प लिया।चीनी मिल के शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ किसानों को एकजुट कर ऐतिहासिक संघर्ष किया था।

# कांग्रेस को सबक लेना चाहिए

कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है। डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने तमिलनाडु में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने की संभावना से दो टूक इनकार कर इंडिया एलायंस को वैसे विवाद से बचा लेने की कोशिश है, जिसका भारी नुकसान इस समूह को कई राज्यों में उठाना पड़ा। गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश लेकर बिहार तक- ऐसे विवाद में समान पात्र कांग्रेस रही। मध्य प्रदेश और हरियाणा में गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने की अपनी हैसियत को जताते हुए टिकट बंटवारे में उसने समाजवादी पार्टी या अन्य छोटे दलों की मांगों को सिरे से ठुकरा दिया। महाराष्ट्र और बिहार में अधिक सीटों पर उम्मीदवारी पाने के लिए सबसे बड़े दल पर उसने कई कोण से दबाव बनाए, जिसे बदमज़गी पैदा हुई। दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे को समर्थन देने में उसने हील-हुज्जत की, जिससे गठबंधन में बिखराव का संदेश गया। अब वही तरीका तमिलनाडु की कांग्रेस इकाई ने कुछ समय पहले से अपनाया हुआ था। चुनाव लड़ने के लिए अधिक सीट और चुनाव के बाद अगर सत्ता मिली, तो सरकार में मंत्री पद का पहले से वादा- कांग्रेस की इन दो मांगों से गठबंधन के अंदर खींचतान का माहौल बन रहा था। डीएमके ने दोनों मांगों को ठुकरा दिया है। इस तरह अब यह कांग्रेस पर है कि वह राज्य में फिलहाल सत्ताधारी गठबंधन में रहे या नहीं। लोकतंत्र में सत्ता में आने की अपेक्षा रखना उचित ही है। लेकिन सत्ता मिलना या ना मिलना समर्थन आधार की ताकत से तय होती है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। संभवतः कांग्रेस नेतृत्व को इसकी चिंता भी नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है। ऐसे में अधिकांश राज्यों में सहयोगी दलों की पीठ पर सवारी उनकी मजबूरी बन गई है। मगर इसमें भी वे अपनी शर्तें थोपना चाहते हैं। इसका खराब तजुर्बा सहयोगी दलों को हुआ है। मगर वैसे अनुभव से गुजरने से डीएमके ने इनकार किया है, तो कांग्रेस को उससे सबक लेना चाहिए।

# नदी को साफ रखना सामाजिक अनुशासन का विषय


**संजय सिंह**

मथुरा में बहती यमुना को देखते हुए मन में एक साथ कई भाव उठते हैं, स्मृति, श्रद्धा और चिंता। यह वही नदी है जिसका उद्गम उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र स्थित यमुनोत्री हिमनद से होता है, जो पहाड़ों की शीतलता और पवित्रता को अपने साथ लेकर मैदानों में उतरती है। कभी इसे कालिंदी कहा गया, कभी इसे कृष्ण की लीलाओं का साक्षी माना गया, तो कभी आगरा और इटावा के खेतों की जीवनरेखा। दिल्ली, मथुरा, वृंदावन और आगरा जैसे नगरों की सांस्कृतिक स्मृति में यह नदी केवल जलधारा नहीं, जीवन का आधार रही है। परंतु आज जब हम इसके तट पर खड़े होते हैं तो प्रश्न उठता है, क्या हम सचमुच इसके साथ खड़े हैं? पिछले कई दशकों में यमुना की स्थिति सुधारने के लिए योजनाएँ बनीं, बजट आवंटित हुए, तकनीकी ढाँचे खड़े किए गए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की संख्या बढ़ी, नालों को इंटरसेप्ट करने के प्रयास हुए, औद्योगिक इकाइयों के लिए मानक तय किए गए। न्यायपालिका और प्रशासन दोनों ने समय-समय पर दिशा-निर्देश दिए। इन प्रयासों को नकारा नहीं जा सकता। परंतु एक बुनियादी सच्चाई यह भी है कि नदी केवल पाइपलाइन और प्लांटों से नहीं बचती; वह उन लोगों से बचती है जो उसके साथ रहते हैं। यमुना बेसिन में छह करोड़ से अधिक लोग निवास करते हैं। केवल दिल्ली महानगर की आबादी दो करोड़ के आसपास है। मथुरा, आगरा, इटावा, यमुनानगर और अन्य कस्बों को जोड़ दें तो यह संख्या और बढ़ जाती है। प्रतिदिन लाखों लीटर घरेलू सीवेज, ठोस कचरा, प्लास्टिक, पूजा सामग्री और औद्योगिक अपशिष्ट इस नदी तंत्र पर दबाव डालते हैं। सरकारें ढाँचा बना सकती हैं, पर हर गली से निकलने वाली नाली पर पहरा नहीं दे सकतीं। यहीं समुदाय की भूमिका निर्णायक हो जाती है। जब तक नदी के किनारे रहने वाला व्यक्ति यह न माने कि यमुना उसकी अपनी है, तब तक कोई भी योजना स्थायी परिणाम नहीं दे सकती। नदी का प्रदूषण केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, यह सामाजिक व्यवहार का प्रश्न भी है। हम अपने घर के आँगन को साफ रखते हैं, मोहल्ले की सड़क पर कचरा डालने से बचते हैं, पर वही कचरा जब नाले के माध्यम से नदी तक पहुँचता है, तो हमें उसका अहसास नहीं होता। नदी सार्वजनिक है और सार्वजनिक वस्तु के प्रति हमारी जिम्मेदारी अक्सर निजी वस्तु जितनी प्रबल नहीं होती। जिस प्रकार हम समाज में रहते हुए यह समझते हैं कि हमारा व्यवहार दूसरों को प्रभावित करता है, सड़क पर कचरा न फैलाना, सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना, नियमों का पालन करना, उसी प्रकार का सिविक सेंस हमें अपनी नदियों और प्रकृति के प्रति भी विकसित करना होगा। यदि हम मानते हैं कि समाज के प्रति हमारा आचरण मर्यादित और जिम्मेदार होना चाहिए, तो प्रकृति के साथ हमारा व्यवहार भी उतना ही अनुशासित होना चाहिए। अपशिष्ट को उपचारित किए बिना जलधाराओं में न छोड़ना ये केवल पर्यावरणीय उपाय नहीं बल्कि नागरिक चरित्र के संकेत हैं। जिस दिन प्रत्येक नागरिक यह स्वीकार कर लेगा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी भी सामाजिक आचरण का हिस्सा है, उसी दिन से नदियों के पुनर्जीवन की वास्तविक शुरुआत होगी। यमुना के प्रति यह जिम्मेदारी केवल पर्यावरणीय नहीं, सांस्कृतिक भी है। मथुरा और वृंदावन में इसके तट पर धार्मिक अनुष्ठान होते हैं, दिल्ली में छठ और अन्य पर्वों पर हजारों लोग इसके किनारे जुटते हैं। परंतु श्रद्धा यदि संवेदनशीलता में न बदले तो वह अधूरी रह जाती है। पूजा सामग्री का वैकल्पिक प्रबंधन, एकल-उपयोग प्लास्टिक से परहेज, सामुहिक सफाई अभियान ये छोटे कदम हैं, पर इनकी सामाजिक गूँज बड़ी होती है। इसी संदर्भ में जल सहेलियों द्वारा यमुना की अविरलता और निर्मलता के लिए निकाली जा रही यात्रा का महत्व सामने आ रहा है। जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं जल सहेलियाँ जब यमुना के तटवर्ती गाँवों और शहरों में कदम-दर-कदम चल रही हैं तो यह केवल प्रतीकात्मक यात्रा नहीं होती। वह संवाद का माध्यम बनती है। यह यात्रा न किसी के विरोध में है, न किसी पर आरोप लगाने के लिए; इसका उद्देश्य लोगों को उनकी अपनी नदी से पुनः जोड़ना है। इन दिनों जल सहेलियों द्वारा संचालित यह महिला-केन्द्रित यात्रा विश्व स्तर पर अपनी तरह की महत्वपूर्ण पहल है। सड़क पर उनका हर कदम यमुना की अविरलता और निर्मलता के प्रति उनके अटूट विश्वास और संकल्प को दर्शाता है। जल सहेलियाँ वे महिलाएँ हैं जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जल संरक्षण, तालाब पुनर्जीवन और सामुदायिक जागरूकता के कार्य किए हैं। जब वे यमुना के किनारे-किनारे चलकर लोगों से पूछती हैं क्या आपको याद है, यह नदी पहले कैसी थी? तो यह प्रश्न सीधा हृदय तक पहुँचता है। एक बुजुर्ग अपने बचपन की स्मृतियाँ साझा करता है, जब नदी का पानी पीने योग्य माना जाता था। एक किसान बताता है कि अब सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत ढूँढ़ने पड़ते हैं। एक युवा स्वीकार करता है कि प्लास्टिक का प्रयोग कम करना उसके हाथ में है। इस पदयात्रा का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि यह जिम्मेदारी को स्थानीय बनाती है। नदी कोई दूर की नीति नहीं, वह पास की वास्तविकता है। जब किसी गाँव में बैठक होती है और लोग तय करते हैं कि अब से नाले को बिना उपचार के नदी में नहीं गिरने देंगे, जब मंदिर समितियाँ पूजा सामग्री के संग्रह के लिए अलग पात्र रखती हैं, जब बाजार संघ प्लास्टिक कम करने का संकल्प लेते हैं तो यह परिवर्तन योजनाओं को जमीन देता है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताते हैं कि नदियों का पुनर्जीवन केवल सरकारी परियोजना से संभव नहीं। यूरोप में टेम्स और राइन जैसी नदियों की स्थिति में सुधार तब आया जब स्थानीय समुदायों, उद्योगों और प्रशासन ने मिलकर दीर्घकालिक संकल्प लिया। जल सहेलियों द्वारा बुंदेलखंड में किये जा रहे छोटी नदियों के पुनर्जीवन के कार्य आज गवाह हैं कि जब समाज स्वयं नदी का संरक्षक बनता है, तब परिवर्तन टिकाऊ होता है। यमुना के मामले में भी यही सूत्र लागू होता है। यदि यमुना बेसिन में नदी मित्र समूह सक्रिय हों, यदि स्कूलों में नदी-पाठ पढ़ाया जाए, यदि धार्मिक संस्थान पर्यावरण-सम्मत अनुष्ठानों को बढ़ावा दें, यदि औद्योगिक क्षेत्र पारदर्शिता से अपने अपशिष्ट प्रबंधन का विवरण साझा करें तो यह सामूहिक प्रयास नदी को राहत दे सकता है। अविरल का अर्थ केवल निरंतर बहाव नहीं बल्कि अवरोधों से मुक्त जीवन है। निर्मल का अर्थ केवल स्वच्छ जल नहीं बल्कि स्वच्छ मनोभाव भी है। पदयात्रा इन दोनों अर्थों को जोड़ती है। यह लोगों को बताती है कि नदी को साफ रखना किसी एक विभाग का काम नहीं, यह सामाजिक अनुशासन का विषय है। जिस प्रकार हम यातायात नियमों का पालन करते हैं क्योंकि वह सामूहिक सुरक्षा से जुड़ा है, उसी प्रकार नदी के प्रति आचरण भी सामूहिक स्वास्थ्य से जुड़ा है। यमुना का प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी है। प्रदूषित जल से उत्पन्न रोग, भूजल पर दबाव, जैव-विविधता का क्षरण—ये सभी सीधे समाज को प्रभावित करते हैं। यदि नदी में घुली ऑक्सीजन का स्तर घटता है, तो मछलियाँ मरती हैं; यदि जल में रासायनिक तत्व बढ़ते हैं, तो वह कृषि और पेयजल दोनों को प्रभावित करते हैं। इसलिए नदी की चिंता भविष्य की चिंता है। आज आवश्यकता आरोपों की नहीं, सहभागिता की है। योजनाएँ चलती रहें, तकनीकी सुधार होते रहें, पर साथ ही समाज अपने हिस्से की जिम्मेदारी स्वीकार करे। जल सहेलियों की पदयात्रा इसी स्वीकार का निमंत्रण है। वह यह कहती है कि परिवर्तन का रास्ता सरकार और समाज के बीच पुल बनाकर ही निकलेगा। यमुना को बचाना किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, यह सतत प्रक्रिया है। जब छह करोड़ लोग अपने-अपने स्तर पर छोटे-छोटे संकल्प लें कचरा पृथक्करण से लेकर जल संरक्षण तक तो नदी की धारा में फर्क दिखाई देगा। पदयात्रा उस चेतना का बीज बो रही है। बीज आज बोया जाए तो वृक्ष बनने में समय लगेगा, पर बिना बीज के वृक्ष की कल्पना नहीं की जा सकती। अभी तक यात्रा के दौरान स्कूलों और कॉलेजों के साथ हुए संवाद से एक स्पष्ट विमर्श सामने आया है कि नदियों को पुनः निर्मल और अविरल बनाने के लिए अब युद्ध स्तर पर कार्य करना आवश्यक है। 21वीं सदी में हमें अपनी नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन को प्राथमिकता देनी ही होगी। यमुना के तट पर खड़े होकर यदि हम यह तय करें कि यह नदी हमारी साझी विरासत है और इसे अगली पीढ़ी तक बेहतर रूप में पहुँचाना हमारा दायित्व है, तो यही सबसे बड़ा बदलाव होगा। पदयात्रा का संदेश सरल है—नदी को केवल देखिए मत, उससे जुड़िए।

# कुत्तों को संसार से शून्य करने की मंशा ठीक नहीं

**हृदयनारायण दीक्षित**

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी-सी जगह चाहते हैं। दौड़ने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं। वैदिक साहित्य में कहा गया है, "मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।" उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है कि, "ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियां में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, "अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।" कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, "पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।" अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, "अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।" पशुओं से अपने कुल या वंश का सम्बंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है। कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा-पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इन्द्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता हैं। गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता हैं। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूंछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है। गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा-सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं। उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। घिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं। पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आमजनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है। गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्माण्ड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, "शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।" राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है कि, "कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।" गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है। बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा-पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है। यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं।




**मेष राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यो में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने के लिये, उन्हें कुछ उपहार देंगे। किसी दोस्त से कार्यों को पूरा करने में सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बितायेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा।

**धनु राशि** : आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी। आज ऑफिस में आपको कई जिम्मेदारियां दी जा सकती है, जिसे बखूबी निभाने में आप सफल होंगे। लवमेट आज मूवी देखने जायेंगे, साथ में डिनर भी करेगे।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

**ललित गर्ग**

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। "मानवता केंद्र में" का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सस्ती, सुलभ और मानव-केंद्रित तकनीक उपलब्ध कराकर भारत एक नैतिक नेतृत्व स्थापित कर सकता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करुंगा : अभिषेक



एजेंसी, अहमदाबाद

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं। वह अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं। इसके बाद भी अभिषेक का कहना है कि वह आगे भी अपना खेलने का अंदाज नहीं बदलेंगे भले ही शून्य पर आउट हो जायें। भारतीय टीम अब लीग में जीतकर सुपर-8 में पहुंच गयी है। ऐसे में अभिषेक पर अब रन बनाने का दबाव है। अभिषेक वह पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं और



इसी में कभी-कभी विकेट गंभव देते हैं। ग्रुप स्तर पर वह तीन पारियों में सिर्फ आठ गेंद ही खेल पाए। आंकड़े भी उनके खराब फॉर्म को दिखाते हैं। वह अपनी पिछली सात पारियों में पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं. कुल मिलाकर, 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से छह में वह बिना रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे उबरने अभिषेक लगातार ट्रेनिंग में मेहनत कर रहे हैं, जिससे अपना फार्म वापस पा सकें।उन्होंने अपने पर दबाव से इंकार करते हुए कहा "मैं बस अपनी बल्लेबाजी का मजा लेता हूं, मैंने दो साल पहले दबाव लेना बंद कर दिया क्योंकि मुझे समझ आ गया कि प्रक्रिया मेरे हाथ में है। अभ्यास और ट्रेनिंग मैं नियंत्रित कर सकता हूं, और उसी पर ध्यान देता हूं। मुझे यह पसंद है, इसलिए कोई दबाव नहीं है।"अभिषेक जानने है कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा समय आता है। इसलिए मौजूदा खराब दौर के बाद भी वह अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि इसी ने टी20 में उन्हें नंबर-1 बनाया है। इस बल्लेबाजन ने कहा " करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते हैं। कभी रन बनते हैं, कभी नहीं. लेकिन मैंने तय किया है कि मैं अपने तरीके से ही खेलूंगा।"

# भारत लगभग सभी की पहली पसंद, बाकी टीमों पर बंटी एक्सपर्ट्स की राय

» टी20 विश्व कप 2026: सुपर-8 में एक्सपर्ट्स की भविष्यवाणी

एजेंसी, नई दिल्ली

टी20 विश्व कप 2026 का रोमांच मोड पर है। आठ टीमें दो ग्रुप में बंटी हैं और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। ग्रुप-1 में भारत, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे शामिल हैं, जबकि ग्रुप-2 में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, इंग्लैंड और श्रीलंका की टीमें उतरेंगी। इन मुकाबलों से पहले स्टार स्पोर्ट्स के छह क्रिकेट विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी भविष्यवाणियां रखी हैं, जिनमें सेमीफाइनल टीमों को लेकर राय दो धड़ों में बंटी दिखी। पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनलिस्ट बताया है। उन्होंने भारत और श्रीलंका की घरेलू परिस्थितियों में मजबूती को अहम कारण माना, जबकि दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को संतुलित



टीम बताते हुए टॉप-4 में जगह के लायक बताया। पुजारा के हिसाब से पाकिस्तान, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज का सफर सुपर-8 में ही खत्म हो जाएगा। भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने भी भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल का दावेदार माना। उनके अनुसार पाकिस्तान, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें सुपर-8 में ही रुक जाएंगी। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी चहल की ही राय से सहमत दिखे और उन्होंने भी इन्हीं चार टीमों को अंतिम-4 में जगह बनाने योग्य माना। वहीं, स्टार स्पोर्ट्स विशेषज्ञ पैनल में शामिल दो पूर्व खिलाड़ियों संजय बांगर और वरुण एरोन ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल का प्रबल दावेदार माना है। बांगर के अनुसार भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान अंतिम-4 में पहुंचेंगे, जबकि एरोन ने भारत, वेस्टइंडीज, श्रीलंका और पाकिस्तान को टॉप-4 चुना। पूर्व चयनकर्ता सबा करीम ने भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और इंग्लैंड को सेमीफाइनल की टीम माना। कुल मिलाकर, छह में से चार एक्सपर्ट्स ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर बताया, जबकि दो का मानना है कि पाकिस्तान सुपर-8 में उलटफेर कर सकता है। भारत सभी विशेषज्ञों की पहली पसंद बना हुआ है और उसकी सुपर-8 में जीत की उम्मीदें सबसे मजबूत मानी जा रही हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 26 की सेमी फाइनलिस्ट टीम पर स्टार स्पोर्ट्स एक्सपर्ट की भविष्यवाणी

**चेतेश्वर पुजारा** – भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड।

**युजवेंद्र चहल** – भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड।

**मोहम्मद कैफ** – भारत, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड।

**वरुण एरोन** – भारत, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, पाकिस्तान।

**संजय बांगर** – भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और पाकिस्तान।

**सबा करीम** – भारत, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और इंग्लैंड।

# फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने पेशेवर रिंग में वापसी के संकेत दिए

एजेंसी, नई दिल्ली

मुक्केबाजी के दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी के संकेत दिए हैं। मेवेदर ने कहा कि वह आधिकारिक पेशेवर मुकाबला लड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिससे मुक्केबाजी की दुनिया में हलचल मच गई है। 2017 में कॉनर मैकग्रेगर को हराकर 50-0 का रिकॉर्ड बनाने वाले मेवेदर ने उस मुकाबले के दसवें राउंड में टीकेओ से जीत दर्ज की थी और तुरंत बाद संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, संन्यास के बाद भी मेवेदर पूरी तरह रिंग से दूर नहीं रहे। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजों, एमएमए फाइटर्स और सेलिब्रिटीज़ के खिलाफ कई प्रदर्शनी मुकाबले लड़े। अगस्त 2024 में मेक्सिको में उनका मुकाबला जॉन गोटी तृतीय से हुआ था। अब 2026 में मेवेदर 59 साल के माइक टायसन के साथ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। यह मुकाबला अप्रैल 2026 में कांगो में प्रस्तावित है और इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक माना जा रहा है। दोनों फाइटर्स की संयुक्त उम्र 100 वर्ष से अधिक है, लेकिन फैंस के बीच इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेवेदर ने कहा कि उनके इवेंट्स से प्राप्त गेट रेवेन्यू, वैश्विक दर्शक संख्या और



कमाई शायद ही कोई और फाइटर हासिल कर सके। टायसन के साथ प्रस्तावित मुकाबला उनकी संभावित वापसी की दिशा में पहला कदम हो सकता है। यदि यह आधिकारिक मुकाबला बनता है, तो यह लगभग नौ साल बाद मेवेदर की पहली पेशेवर फाइट होगी। पांच अलग-अलग वेट डिवीजन में विश्व चैंपियन रह चुके मेवेदर का करियर ऐतिहासिक रहा है। टायसन के खिलाफ होने वाला मुकाबला तय करेगा कि 48 साल के मेवेदर का पेशेवर मुक्केबाज के रूप में भविष्य कैसा होगा। हालांकि, उनके फैंस रिंग में उनकी वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला मेवेदर के करियर को एक नया अध्याय दे सकता है।

# अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता



एजेंसी, दोहा

स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा। इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा: साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# इमरान खान: 21 साल का अनुशासित करियर और विश्व कप विजेता कप्तान जेल में

एजेंसी, नई दिल्ली

क्रिकेट में अनुशासन और नियंत्रण किसी भी गेंदबाज की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है, और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। तेज गेंदबाजों के लिए नो-बॉल करना आम गलती होती है, लेकिन इमरान ने अपने 21 साल के टेस्ट करियर में 18,644 गेंदें फेंकते हुए एक भी नो-बॉल नहीं की। यह रिकॉर्ड उनकी असाधारण लाइन-लेन्थ और रन-अप नियंत्रण की मिसाल है। टेस्ट क्रिकेट में 362 विकेट और वनडे में 182 विकेट लेने वाले इमरान खान हमेशा अनुशासन और आक्रामकता का संतुलित मिश्रण रहे। इमरान खान ने 3 जून 1971 को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और 2 जनवरी 1992 को श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट मैच खेला। वनडे में उन्होंने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआत की और 1992 तक खेलते रहे। अपने करियर में उन्होंने टेस्ट में 3,807 और वनडे में 3,709 रन बनाए। कप्तान और खिलाड़ी दोनों के रूप में उनका योगदान पाकिस्तान क्रिकेट में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। 1992 क्रिकेट विश्व कप में इमरान की कप्तानी में पाकिस्तान ने अपना पहला और अब तक का एकमात्र वनडे वर्ल्ड कप जीता। फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ इमरान ने 72 रन की अहम पारी खेली और जावेद मियांदाद ने 58 रन बनाए। इंजमाम-उल-हक और वसीम अकरम के योगदान से पाकिस्तान ने 249



रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में इंग्लैंड दबाव में आ गया और पाकिस्तान ने 22 रन से जीत दर्ज की। क्रिकेट से संन्यास के बाद इमरान ने राजनीति में कदम रखा और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी बने। लेकिन हाल के वर्षों में वे कानूनी विवादों में फंस गए। भूमि भ्रष्टाचार मामले में पाकिस्तानी अदालत ने उन्हें 14 साल की सजा सुनाई, और वर्तमान में वे जेल में हैं। भले ही आज वे कानूनी संकट का सामना कर रहे हों, लेकिन इमरान खान की क्रिकेट विरासत हमेशा याद रहेगी। 21 साल का अनुशासित करियर, नो-बॉल रहित गेंदबाजी और 1992 का विश्व कप जीत उन्हें महान खिलाड़ियों की सूची में स्थायी स्थान दिलाते हैं। वे केवल तेज गेंदबाज नहीं, बल्कि प्रेरणादायक कप्तान और प्रभावशाली ऑलराउंडर भी रहे।

## व्यापार

# इस सप्ताह नौ कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** सोमवार यानी 23 फरवरी से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह नौ कंपनियां अपने आईपीओ को सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर रही हैं। इनमें चार कंपनी मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं, जबकि पांच कंपनी एसएमई सेगमेंट की हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी 24 फरवरी तक बोली लगाने का मौका रहेगा। जहां तक इस सप्ताह शेयर बाजार में होने वाली लिस्टिंग की बात है, तो चार कंपनियां लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में अपने कामकाज की शुरुआत करने जा रही हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 23 फरवरी को किआसा रिटेल का 69.72 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 121 रुपये से लेकर 127 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन श्रीराम ट्विस्टेक्स का 110.24 करोड़ रुपये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये से लेकर 104 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 144 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। 23 फरवरी को ही क्लीन मैक्स इनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 1,000 रुपये से लेकर 1,053 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 14 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन मोबिलाइज ऐप का 20.10 करोड़ रुपये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 75 रुपये से लेकर 80 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। 23 फरवरी को ही अकॉर्ड




ट्रांसफॉर्मर एंड स्विच गियर का 25.59 करोड़ रुपये का आईपीओ भी सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में भी 25 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 43 रुपये से लेकर 46 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मार्च को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबार दिन 24 फरवरी को पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी का 380 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 26 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 367 रुपये से लेकर 386 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 32 शेयर का है। कंपनी के शेयर 4 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इसके अगले दिन 25 फरवरी को ओम्नीटेक इंजीनियरिंग का 583 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 27 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 216 रुपये से लेकर 227 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 66 शेयर का है। कंपनी के शेयर 5 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। 25 फरवरी को ही यैप डिजिटल का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 27 फरवरी तक बोली लगाई जा सकेगी। कंपनी ने फिलहाल आईपीओ के लिए प्राइस बैंड या आईपीओ के साइज का ऐलान नहीं किया है। जल्द ही कंपनी अपने आईपीओ के साइज और प्राइस बैंड का ऐलान कर सकती है। कंपनी के शेयर 5 मार्च को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस सप्ताह का आखिरी पब्लिक इश्यू 26 फरवरी को खुलने वाला है। इस दिन स्ट्राइडर्स इंपैक्स का 36.29 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 2 मार्च तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 71 रुपये से लेकर 72 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 6 मार्च को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह 20 फरवरी को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले गॉडियम आईवीएफ के 165 करोड़ रुपये के आईपीओ में 24 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 75 रुपये से लेकर 79 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 189 शेयर का है। कंपनी के शेयर 27 फरवरी को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ को अभी तक 90 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इसी तरह 20 फरवरी को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले मणिलम इंडस्ट्रीज के 39.95 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी 24 फरवरी तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 65 रुपये से लेकर 69 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 27 फरवरी को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ को अभी तक 23 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है।

# साप्ताहिक समीक्षा : बिकवाली के बावजूद कारोबार के अंतिम दिन हुई मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह के कारोबार में गुरुवार को जबरदस्त बिकवाली का शिकार होने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स साप्ताहिक आधार पर 187.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,814.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 100.15 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,571.25 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। 20 फरवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कमिंस इंडिया और हुंडई मोटर इंडिया के शेयर टॉप गेनर्स के सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, इन्फो एज (इंडिया), टेक महिंद्रा, स्विगी, एलटीआई माइंडट्री, वारी एनर्जी, एसआरएफ और एटरनल के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए। लार्ज कैप की तरह ही बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी पिछले सप्ताह के कारोबार में ओवरऑल 0.35 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल भारत डायनॉमिक्स, हिताची एनर्जी इंडिया, थर्मैक्स, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, पेट्रोनेट एलएनजी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जीएमआर एयरपोर्ट्स और गोदरेज इंडस्ट्रीज के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, ब्रेन बीज सॉल्यूशंस, वेदांत फैशंस, ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, परसिस्टेंट सिस्टम्स और क्लीन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शेयरों में साप्ताहिक आधार पर 6 से लेकर 18 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। लार्ज कैप और मिडकैप के विपरीत बीएसई का स्मॉलकैप इंडेक्स पिछले सप्ताह के कारोबार में



साप्ताहिक आधार पर 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल नोवार्टिस इंडिया, आरईसीएल गेयर टेक, केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन, गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया, एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज, ज्योति स्ट्रक्चर्स, वीएल ई-गवर्नेंस एंड आईटी सॉल्यूशंस, नेट वेव टेक्नोलॉजीज इंडिया, साधना नाइट्रोकेम, जिंदल पॉली इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी और न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज के शेयरों में साप्ताहिक आधार पर 16 से 28 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। दूसरी ओर, इक्विलॉन नेक्सस, स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स, शॉपर्स स्टॉप, पेन्नार इंडस्ट्रीज, फिलेटिक्स फैशंस, जैगल प्रीपेड ओसियन सर्विसेज और ट्रांस वर्ल्ड शिपिंग लाइंस के शेयरों में साप्ताहिक आधार पर 16 से लेकर 22 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें, तो पिछले सप्ताह के कारोबार में निफ्टी का पीएसयू बैंक इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर 5.50 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी के एनर्जी इंडेक्स ने साप्ताहिक आधार पर 2.43 प्रतिशत और एफएमसीजी इंडेक्स ने पूरे सप्ताह के कारोबार में 1.71 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इसके अलावा निफ्टी के फार्मास्यूटिकल, डिफेंस और हेल्थ केयर इंडेक्स में लगभग एक साप्ताहिक आधार पर लगभग एक प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, निफ्टी के ऑटोमोबाइल, मीडिया और आईटी इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1.30 प्रतिशत से लेकर 2.49 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

# आईफोन-17 प्रो मैक्स की कीमत में भारी कटौती, 1.37 लाख से भी कम में धांसू फीचर्स वाला फोन खरीदने का शानदार मौका

**नई दिल्ली** । अगर आप एप्पल के मुरीद हैं और नया आईफोन खरीदने का मन बना रहे हैं, तो यह आपके लिए बिल्कुल सही समय हो सकता है। पहली बार एप्पल के दमदार आईफोन 17 प्रो मैक्स की कीमत में भारी कमी देखने को मिली है। विजय सेल्स पर चल रहे एक शानदार ऑफर के तहत इस प्रीमियम स्मार्टफोन की कीमत में बड़ी कटौती की गई है। विभिन्न बैंक ऑफर्स का लाभ उठाने के बाद इसकी प्रभावी कीमत 1.37 लाख रुपये से भी नीचे आ गई है। इस फ्लैगशिप फोन में दमदार ए19 प्रो चिप, शानदार कैमरा क्वालिटी और लंबी बैटरी लाइफ जैसे कई बेहतरीन फीचर्स मिलते हैं।

**कीमत में जबरदस्त कटौती और आकर्षक ऑफर्स-** विजय सेल्स के प्लेटफॉर्म पर आईफोन 17 प्रो मैक्स को 1,47,900 रुपये की कीमत पर लिस्ट किया गया



है, जो इसकी असल लॉन्च कीमत 1,49,900 रुपये से काफी कम है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म चुनिंदा बैंक ऑफर्स के जरिए ग्राहकों को 11,000 रुपये तक की अतिरिक्त छूट भी दे रहा है। इन सभी ऑफर्स को मिलाने के बाद फोन की प्रभावी कीमत 1,37,000 रुपये से भी कम हो जाती है। अगर ग्राहक चाहें तो अपने पुराने फोन को एक्सचेंज करके और भी ज्यादा पैसों की बचत कर सकते हैं, हालांकि एक्सचेंज वैल्यू आपके पुराने डिवाइस की स्थिति पर पूरी तरह निर्भर करेगी।

**परफॉर्मेंस और डिस्प्ले में दिखता है फ्लैगशिप का दम-** आईफोन 17 प्रो मैक्स में एप्पल का बिल्कुल नया ए19 प्रो चिपसेट दिया गया है, जो अपनी हाई-एंड और तेज परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। रिव्यू के दौरान यह बात सामने आई है कि यह फोन हैवी गेमिंग और मल्टीटास्किंग को भी लंबे समय तक बेहद स्मूथ तरीके से हैंडल कर सकता है। फोन के फ्रंट में 6.9 इंच का बड़ा और शानदार ओएलईडी डिस्प्ले दिया गया है, जो 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है। इस स्क्रीन की ब्राइटनेस और कलर आउटपुट यूजर्स को एक बेहतरीन और प्रीमियम विजुअल एक्सपीरियंस प्रदान करते हैं।

**शानदार कैमरा और दमदार बैटरी लाइफ करेगी खुश-** फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए इस फोन में ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दिया गया है।

# घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की कीमतों ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख है। सोना आज 1,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये से लेकर 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,000 रुपये से लेकर 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा



बाजार में आज 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में इस सप्ताह लगातार उतार-चढ़ाव होने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,430 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

# अरी अर्जुनन अभिनीत फिल्म फोर्थ फ्लोर 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

निर्माता निर्देशक एल.आर. सुंदरपंडी की बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म, फोर्थ फ्लोर, जिसमें अभिनेता अरी अर्जुनन मुख्य भूमिका में हैं, ने अब घोषणा की है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए प्रमाणपत्र के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है और अब यह फिल्म इस साल 27 फरवरी को दुनिया भर में स्क्रीन पर रिलीज होगी। घोषणा करने के लिए अरी अर्जुनन ने अपनी एक्स टाइमलाइन का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, फोर्थ फ्लोर सेंसर्ड - यू/ए सर्टिफिकेट। 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज। मनो क्रिएशन्स के तहत ए राजा द्वारा प्रोड्यूस और एल.आर. सुंदरपांडी द्वारा डायरेक्ट की गई यह फिल्म, एक अनोखी थ्रिलर है, जिसकी कहानी एक असाधारण माहौल में सेट है। कहानी चेन्नई के बीचो-बीच एक रिहायशी बिल्डिंग में कई रोमांचक घटनाओं के बीच सामने आती है। यूनिट के सूत्रों का कहना है कि डायरेक्टर एल.आर. सुंदरपांडी ने एक ऐसी स्क्रीनप्ले लिखी है जो चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरी है और जो दर्शकों को एक अनोखा थ्रिलर अनुभव देने की गारंटी देती है। सूत्रों ने बताया कि एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर के तौर पर, यह फिल्म सपनों और हकीकत के बीच जटिल कनेक्शन को दिखाने की कोशिश करेगी और यह भी बताया कि फिल्म की यूनिट ने अब पूरी शूटिंग प्रोसेस पूरी कर ली है। सूत्रों ने बताया, फिल्म की पूरी शूटिंग चेन्नई और उसके आस-पास के इलाकों में हुई है। इस फिल्म में आरी अर्जुनन लीड रोल में हैं, और दीपशिखा फीमेल लीड का रोल निभा रही हैं। एक्टर पवित्रा, डायरेक्टर सुब्रमण्यम शिवा, थलाइवासल विजय और आदित्य कथिर भी इस फिल्म में अहम रोल में नज़र आएंगे। टेक्निकल तौर पर, फिल्म के विज़ुअल्स का क्रेडिट टैलेंटेड सिनेमैटोग्राफर जे. लक्ष्मण को जाता है, जो पोडा पोडी और वेनिला कबड्डी कुझू जैसी पॉपुलर फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।फिल्म का म्यूज़िक पोडा पोडी फेम धरण ने दिया है, जबकि आर्ट डायरेक्शन सुरेश कल्लिरी ने संभाला है, जो अपने ज़बरदस्त सोशल ड्रामा अनीधि, जेल और पॉपुलर वेब सीरीज़ मथगम में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।






# मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया दिल धोखा और डिजायर में अपना किरदार : आकांक्षा चमोला

एक्ट्रेस और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ओटीटी डेब्यू कर चुकी हैं। स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म शेमारू मी की वेब सीरीज दिल धोखा और डिजायर में वह खास अंदाज में नजर आईं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। आकांक्षा ने बताया कि वह सही समय का इंतजार कर रही थीं। दिल धोखा और डिजायर से डिजिटल डेब्यू कर रहीं आकांक्षा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है और कहा है कि वह अपने काम के चुनाव को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं। आकांक्षा ने बताया, अपनी जर्नी के इस मोड़ पर ओटीटी स्पेस में कदम रखना बहुत खास लग रहा है। मैंने इस वेब सीरीज में बहुत मेहनत, पैशन और प्यार डाला है। उम्मीद है कि दर्शक मालिनी और उनकी जर्नी को उतनी ही प्यार से अपनाएंगे।




सीरीज में आकांक्षा मालिनी का किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का केंद्र है। मालिनी मजबूत होने के साथ कमजोर भी है, हिम्मत वाली है लेकिन उलझनों में भी फंसी है। आकांक्षा कहती हैं, यह रोल मुझे इमोशनली चैलेंज करता है। मालिनी रियल और कई कमियों वाली है। उन्होंने आगे कहा, मैं सही स्क्रिप्ट और सही रोल का इंतजार कर रही थी और अब लगता है कि इंतजार सही था। मैं अपने काम को लेकर बहुत जागरूक हूं। इस कैरेक्टर ने मुझे क्रिएटिवली उत्साहित किया क्योंकि इसमें अलग-अलग शेड्स हैं। मेरा किरदार प्यार करने वाली, गुस्सैल, कमजोर, कभी-कभी मैनिपुलेटिव भी है। मालिनी आपको पसंद आएगी। दिल धोखा और डिजायर एक दिलचस्प कहानी है, जहां प्यार जुनून में बदल जाता है और महत्वाकांक्षाओं की सभी सीमाओं को तोड़ देती है। यह प्यार, धोखा, आकर्षण, नियंत्रण और बदले के जटिल रिश्तों पर आधारित है। मालिनी का सफर कहानी में इमोशनल गहराई और नयापन जोड़ता है। सीरीज में आकांक्षा के साथ कुंवर अमर और अली हसन मुख्य भूमिकाओं में हैं। आकांक्षा ने हाल ही में छोटे पर्दे पर टीवी शो कैसे मुझे तुम मिल गए से वापसी की है।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म तू मेरी मैं तेरा... ओटीटी पर रिलीज, अमेजन प्राइम पर दी दस्तक

फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इसमें कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे लीड रोल में हैं. करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी मेगा-बजट फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कलेक्शन नहीं कर पाई थी. लेकिन समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित ये एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो अपनी लव स्टोरी के लिए काफी चर्चा में रही है. कार्तिक आयर्न की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब डिजिटल के दर्शकों तक पहुंच चुकी है, जिससे वो घर बैठे इस हल्की-फुल्की प्रेम कहानी को देख सकते हैं. इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया है. जो लोग सिनेमाघरों में ये फिल्म नहीं देख पाए थे, उनके लिए ये अच्छा मौका है. 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी फिल्म 19 फरवरी यानी आज से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो रही है. स्ट्रीमिंग पार्टनर द्वारा फिल्म की ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट की गई. इसके बाद इंटरनेट पर यूजर्स ने इसपर प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है. एक यूजर ने कमेंट में लिखा, आखिरकार आ ही गई. तो दूसरे ने लिखा 'बहुत




एक्साइटेड हूं. फिल्म की कहानी दो अलग-अलग सोच रखने वाले युवाओं के इर्द-गिर्द घूमती है. हीरो एक मॉर्डन, आत्मनिर्भर और करियर-ओरिएंटेड युवा है, जिसे रिश्तों में बंधना ज्यादा पसंद नहीं. वहीं हीरोइन एक ऐसी लड़की है जो प्यार करना तो जानती है पर सच्चे प्यार की तलाश में है. दोनों की मुलाकात एक अनोखे हालात में होती है. शुरुआत में उनके विचारों में टकराव दिखता है, लेकिन धीरे-धीरे यही नोकझोंक दोस्ती और फिर प्यार में बदल जाती है. कहानी में रिश्तों की उलझन, परिवार की एक्सपेक्टेशन और सपनों के बीच बैलेंस बनाने की कोशिश दिखाई गई है. फिल्म में ये दिखाया गया है कि सच्चा रिश्ता समझ और सम्मान पर टिकता है.

# शिवांगी ने पर्दे पर निभाया विधवा का चुनौतीपूर्ण किरदार, बोलीं- सादगी में भी सुंदरता

टीवी से लेकर फिल्मों तक अपनी अलग पहचान बना चुकी अभिनेत्री शिवांगी वर्मा वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने के साथ खास बातचीत में सीरीज में अपने किरदार को लेकर बातें कीं। अभिनेत्री ने कहा, यह सीरीज बहुत पॉपुलर है। मैं हमेशा से ही इसकी फैन रही हूं और मुझे सीजन 3 में काम करने का मौका मिला। इसके लिए मैं मेकर्स की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे चुना और काबिल समझा। अभिनेत्री के एपिसोड का नाम मिडनाइट ब्राइड है। इसमें शिवांगी ने एक विधवा का किरदार निभाया है। उन्होंने बताया कि यह रोल उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा, असल जिंदगी में मैं काफी मॉडर्न और फैशनेबल हूं, लेकिन मेरा किरदार एक विधवा का है। समाज में विधवाओं को मेकअप न करने, रंग-बिरंगे कपड़े न पहनने और साधारण रहने की उम्मीद की जाती है। इस रोल को निभाते हुए मुझे पता चला कि सादगी में भी सुंदरता होती है और मैंने सोचा था कि अगर मेकर्स ने मुझे चुना है, तो इसमें अपना बेस्ट दूंगी। हालांकि, शूटिंग खत्म होने के बाद मुझे हर तरफ से खूब सराहना मिली थी। शिवांगी अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहती हैं। वे हमेशा अच्छी स्टोरीलाइन पर ध्यान देती हैं। उन्होंने बताया कि अगर कहानी इमोशनल है, तो वे और सारी चीजें भूल जाती हैं। उन्होंने कहा, अगर स्टोरी अच्छी है और एक्टर के तौर पर मुझे मौका मिल रहा है, तो मैं पूरा जोर लगाकर अच्छा परफॉर्म करती हूं। मैं महिला केंद्रित किरदारों को करने के लिए हमेशा तैयार हूं, क्योंकि ऐसे किरदारों में महिलाओं के अलग-अलग रूप दिखते हैं और काम करने में बहुत मजा आता है। उन्होंने बताया, मुझे रोमांटिक थ्रिलर करने की बहुत इच्छा है। अगर कोई अच्छी रोमांटिक थ्रिलर स्टोरी आए या फिर कोई बायोपिक, तो जरूर करना चाहूंगी।



# टॉक्सिक के नए पोस्टर ने बढ़ाई फैंस के दिलों की धड़कन, टीजर रिलीज की तारीख का भी एलान

यश, कियारा आडवाणी की टॉक्सिक, अपने दमदार टाइटल इंट्रो वीडियो के बाद से सबका ध्यान खींच रही है. फैंस इसके रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस इंतजार के बीच डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने फिल्म के टीजर का अनाउंस करके इस एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. यह फिल्म रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से क्लैश करेगी. हफ्तों के इंतजार के बाद, मेकर्स ने टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स के टीजर रिलीज की तारीख का एलान किया है. गीतू मोहनदास ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर यश का नया पोस्टर शेयर किया और टीजर रिलीज डेट बताते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, टॉक्सिक का टीजर 20.02.2026, सुबह 9:35. टॉक्सिक 19-03-2026 से दुनिया भर के सिनेमाघरों में आएगी. पोस्टर में यश अपने किरदार में नजर आ रहे हैं. वह खून से लथपथ बर्फीली जमीन पर खड़े दिख रहे हैं. एक्टर बोतल से पानी पीते हुए दिख रहे हैं. मलबे और तबाही के बीच उनका चेहरा थोड़ा छिपा हुआ है. नया पोस्टर इस बात को और पक्का करता हैं कि फिल्म एक डार्क, स्टाइलिश एक्शन ड्रामा है जो एक हिंसक और नैतिक रूप से अस्पष्ट दुनिया में सेट है. फिल्म का टीजर आज 20 फरवरी को आएगा. टॉक्सिक: ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स में कन्नड़ सुपरस्टार यश राया का रोल अदा करेंगे. कियारा आडवाणी नादिया की भूमिका में हैं, हुमा कुरैशी एलिजाबेथ के रूप में नजर आएंगी. नयनतारा गंगा के रूप में हैं, जबकि तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत कलाकारों की टोली को पूरा करती हैं. गीतू मोहनदास की निर्देशित और यश के साथ सह-लिखित टॉक्सिक फिल्म कन्नड़ और अंग्रेजी में एक साथ शूट की गई है. इसे कई भाषाओं में डब किए जाने का प्लान है. वेंकट के नारायण और यश की केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित, टॉक्सिक फिल्म ईद, उगादी और गुड़ी पड़वा के अवसर पर 19 मार्च को विश्व स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.




# द केरल स्टोरी 2 को सेंसर बोर्ड ने किया पास, निर्माता विपुल शाह ने जताया आभार

फिल्म द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड का ट्रेलर जब से जारी किया गया है, यह विवादों में फंस गई है। हाल ही में, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने आलोचना करते हुए इसपर झूठा प्रचार करने क आरोप लगाया। इन विवादों के बीच, सेंसर बोर्ड ने फिल्म को हरी झंडी दिखा दी है। सीबीएफसी ने प्रमाणपत्र के तहत 14 साल से ज्यादा उम्र के दर्शकों को फिल्म देखने की अनुमति दी है। द केरल स्टोरी 2 को अंडर ए प्रमाणपत्र देते हुए पास किया गया है। निर्माता विपुल अमृतलाल शाह ने बोर्ड के इस फैसले पर राहत और संतोष जताते हुए आभार व्यक्ति किया है। उन्होंने कहा, यह उस इरादे और ईमानदारी पर उनके विश्वास को दर्शाता है जिसके साथ हमने यह कहानी सुनाई है। यह फैसला विशेष रूप से अहम है, क्योंकि इससे हमें देशभर की युवा लड़कियों और परिवारों तक पहुंचने का मौका मिलता है। 27 फरवरी को रिलीज हो रही फिल्म पर शाह ने आगे कहा, हमारा उद्देश्य हमेशा से जागरूकता फैलाना, जानकारी देना और युवा पीढ़ी को सतर्क रहने और सोच-समझकर फैसले के लिए सशक्त बनाना रहा है।




मैं सीबीएफसी को इस मैसेज को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में उनके निष्पक्ष और विचारशील दृष्टिकोण के लिए धन्यवाद देता हूं। ऐश्वर्या ओझा, अदिति भाटिया और उल्का गुप्ता अभिनीत द केरल स्टोरी 2 जबरन धर्म परिवर्तन, धोखे और फरेब पर बुनी गई कहानी है।

# मर्डर मिस्ट्री लेकर आ रहे हैं श्रीविष्णु.. राजामौली ने लॉन्च किया मृत्युंजय का टीजर, 27 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

टॉलीवुड के बहुमुखी अभिनेता श्रीविष्णु नवीनतम जासूसी थ्रिलर मृत्युंजय में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म यूनिट ने टीज़र जारी कर दिया है। इस रोमांचक टीज़र को जाने-माने निर्देशक एस.एस. राजामौली ने जारी किया और फिल्म यूनिट को बधाई दी। फिल्म में श्रीविष्णु एक शक्तिशाली पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगे जो एक रहस्यमय हत्या के मामले को सुलझाते हैं। फिल्म की रोमांचक कहानी यह है कि कैसे नायक एक ऐसी घटना के पीछे की सच्चाई का पता लगाता है जिसे




हर कोई एक दुर्घटना मानता है। सुकुमार के शिष्य हुसैन शाह किरण द्वारा निर्देशित इस फिल्म में समाजावरगमना फेम रेबा मोनिका जॉन मुख्य भूमिका में हैं, जिनके साथ श्रीविष्णु मुख्य भूमिका में हैं। टीज़र में कालभैरव का संगीत है, जबकि फिल्म का निर्माण संदीप गुन्नम और विनय चिलापति लाइट बॉक्स मीडिया और पिक्चर परफेक्ट एंटरटेनमेंट के बैनर तले कर रहे हैं। यह फिल्म 27 फरवरी, 2026 को विश्व स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# Japanese culture celebrated in Delhi with sushi & sake

**New Delhi, Agency:** Aaj yahan ekatrit hone ke liye aap sabhi ka dhanyavad," ONO Keiichi, Ambassador of Japan, began in Hindi, drawing warm applause, as he welcomed guests to a reception celebrating the Emperor of Japan's 66th birthday recently. Delhi's diplomatic circle recently gathered at the Embassy of Japan, where kimonos met saris and namastes met bows in a celebration of cultural ties, as the garden transformed into a slice of Japan.



Entering the tea room, ONO Keiichi donned the hat of a tea master in the authentic Japanese tea ceremony as he whisked matcha for the guests from India. Following the precise process of whisking, he maintained concentration and silence. Kiren Rijiju remarked, "If I drink this tea regularly, I don't know if I will become stronger but I will become younger (laughs)!"

'People to people exchanges make the bond stronger'

Talking about the cultural ties with India, the ambassador said, "The close Japanese relationship is supported, not only by high level expenses, but also by economic ties and people to people exchanges. Next year, we mark the 75th anniversary of the establishment of diplomatic relations between India and Japan, which is very significant." He added his appreciation for India in Hindi and said, "It's been a year and four months since I've been in India. To learn more deeply, I have travelled to 16 states in the country and had the pleasure of trying out their food and experiencing the diverse culture. Although tonight I am conversing in Hindi, I have also conversed in Gujarati, Telugu and other regional languages during my travels." A Takasaki Daruma inscribed with 'India-Japan.' Inspired by Bodhidharma from India, the Daruma is a traditional lucky charm - one eye is filled when making a wish, and the other when that wish is fulfilled, in gratitude. Addressing the gathering, Kiren Rijiju, Union Minister for Parliamentary and Minority Affairs, who was the chief guest, said, "I must express my excitement for your excellency, the Japanese ambassador's beautiful Hindi.

# Zomato delivery boy killed after speeding car rams bike in Delhi's Subhash Nagar; driver held



**New Delhi, Agency:** A Zomato delivery boy died after being hit by a speeding car around 3 am in the Subhash Nagar area of West Delhi, police said on Saturday.

According to Delhi Police, the incident occurred in the early hours when the victim, who was on a bike, was struck by a car allegedly being driven at high speed.

Police have taken the accused driver into custody and seized the car involved in the incident. Further investigation is underway to ascertain the exact sequence of events. Officials said more details are being gathered.

# Focus on 100 student startups for campus to market initiative

**New Delhi, Agency:** Building on the momentum of the Campus to Market initiative, efforts are now focused on deepening collaboration between emerging innovators and key policy stakeholders.




An open dialogue is being organised on the Delhi Startup Policy, 2025, to set the framework for seed grant disbursement and a roadmap to position Delhi as the student innovation capital of India.

The Delhi Startup Yuva Festival, 2026, organised by govt's department of training and technical education, brought together the top 100 selected student startups at Indira Gandhi Delhi Technical University for Women at Kashmere Gate, offering participants an opportunity to present ideas, share experiences and engage with policymakers. During the session, the startups presented their ideas and projects.

Addressing the gathering, Delhi education minister Ashish Sood had words of appreciation for the innovations, creativity and technical excellence demonstrated by the young entrepreneurs. "Delhi govt's vision goes beyond awarding degrees, focusing instead on creating meaningful opportunities and platforms that enable students to transform ideas into real-world ventures," he said. As an example, he spoke about how a drone developed by a student was modified to be used for fogging operations. In the future, such drones could be made available to RWAs for surveillance and security, he said. He emphasised that promoting a strong startup culture is the need of the hour and that the youth of Delhi possess immense potential which, with the right guidance and resources, can achieve global recognition.

# 17 Yrs On, Air Quality Norms In For Revision

**New Delhi, Agency:** A long-awaited revision of India's National Ambient Air Quality Standards (NAAQS) could be out soon after IIT Kanpur submitted its final technical report on revised standards to Central Pollution Control Board (CPCB) last Dec, almost a year late. The standards will be revised nearly 17 years after the last update in 2009.



According to an official reply under Right to Information Act dated Feb 6, filed by environmental activist Amit Gupta, National Air Quality Standards Project, commissioned by CPCB, ran from Dec 21, 2021, to Nov 30, 2024, and Indian Institute of Technology Kanpur was tasked with preparing a detailed technical assessment to support a possible update of the country's air quality framework. The first draft was submitted by the institute on Oct 6, 2023, but the final report was delivered on Dec 16, 2025, almost a year after the project contract expired. CPCB funded the work with Rs 19.5 lakh, all of which was spent, the RTI response showed.

The 2009 NAAQS had set limits for key pollutants such as fine particulate matter 2.5 far above contemporary public health benchmarks. For example, the 24-hour average PM2.5 limit is set at 60ug/m3 (micrograms per cubic metres) and the annual standard at 40ug/m3, levels many experts say are insufficient to protect health when compared with the updated World Health Organization guidelines. According to WHO, the limits are 15ug/m3 for 24 hours and 5ug/m3 annually.

For PM10, the NAAQS standards are 60ug/m3 annually and 100µg/m3 for the 24-hour average against WHO's 15ug/m3 annually and 45ug/m3 for the 24-hour average. For nitrogen dioxide, the national standards are set at 40ug/m3 annually and 80ug/m3 for 24 hours against WHO's annual limit of 10 and 24-hour limit of 25. The national standards are slightly tighter for sensitive areas for the annual average.

"Scientific evidence shows that there is no safe threshold for PM2.5 exposure as health risks persist even at very low concentrations. Therefore, progressively strengthening India's NAAQS in alignment with the WHO interim targets can deliver substantial public health benefits," said Manoj Kumar of Centre for Research on Energy and Clean Air. "Although revision of NAAQS was identified as a key action under National Clean Air Programme, it remains pending even after the second extended timeline of the programme," he added.

No reply on the updated standards was provided by either CPCB or IIT Kanpur. Media earlier reported on the sanctioning of the studies to review the air quality norms as early as the mid-2020s, marking the first formal effort to revisit the standards.

# Young artisans reclaim inherited craft legacy

**New Delhi, Agency:** At a time when traditional crafts are often said to be fading as younger generations move towards corporate careers, Karigar Bazaar at Jawaharlal Nehru Stadium tells a different story - one of teenagers and young artisans reclaiming inherited legacies with pride.



Being organised in Delhi for the first time from Friday till March 1, the 10-day bazaar has brought together over 200 artisans from across the country, including National Award winners and emerging entrepreneurs. From handlooms and tribal art to jewellery and sustainable crafts, the event also features live demonstrations and cultural performances.

At one of the stalls stood 26-year-old Sumnath from Andhra Pradesh, a fourth-generation artisan who left his BTech course midway to carry forward his family's tradition of wood engraving. Surrounded by intricately carved wooden panels of Indian deities, he explained how each piece, carved from a single block of neem wood, can take years to perfect. Some of the works on display, he said, had been crafted over a decade ago and carefully preserved. "I learnt the craft at home, watching and assisting my father and grandfather," he said.

For Sumnath, the decision to quit engineering was driven purely by passion and a desire to take forward his family's legacy. But sustaining that choice is not easy. "Employability is a challenge. Finding a market is the biggest struggle. When we sell our products to showrooms, we are paid for the wood and labour and not the skill," he said. Exhibitions like Karigar Bazaar, he added, allow artisans to sell directly to buyers, cutting out middlemen and earning recognition for their craftsmanship.

Across the venue, several such young artisans - some fresh graduates, others juggling school or college with family traditions - showcased weaving, metalwork, tribal paintings and hand embroidery, quietly challenging the notion that traditional art is dying.

Participants to the bazaar, which was inaugurated by Aparna Bhatia, advisor, department of economic affairs, ministry of finance, have travelled from across the country, from Kashmir to Kanyakumari, turning the stadium complex into a miniature map of India's craft diversity.

At another stall, Vinod Bhatt from Rajasthan sat with his two sons - one in college and the other in school - displaying colourful Rajasthani puppets and handcrafted home decor items. "I grew up watching my father perform puppet shows. Now, my sons have learnt it. It is our local tradition," Bhatt said. His elder son is pursuing an LLB, but both children, he added, are keen to continue the family craft alongside their studies. The bazaar is not limited to handicrafts.

# On Track: Delhi-Meerut Under An Hour

**New Delhi, Agency:** Ahead of Prime Minister Narendra Modi's inauguration of the entire 82km Delhi-Ghaziabad-Meerut RRTS corridor on Sunday, a non-stop Namo Bharat train covered the distance from Sarai Kale Khan in Delhi to Begumpul in Meerut in 40 minutes on Friday. With the scheduled stops, the journey will take about 54 minutes to Begumpul and 58 minutes to the terminal station at Modipuram.



The pre-launch ride, taken by this reporter, touched the top speed of 159kmph. The Namo Bharat trains have a design speed of 180kmph but a maximum operational speed of 160kmph. While the trains will complete journey in less than an hour, the distance is covered by road in around one and a half hours, which sometimes stretches to around two hours during peak traffic.

Sarai Kale Khan Namo Bharat station in Delhi, which will be the convergence point for three regional rapid transit system (RRTS) corridors, will also be inaugurated on Sunday. Three more stations, Shatabdi Nagar, Begumpul and Modipuram, will be commissioned in the Uttar Pradesh section. The Jangpura station in Delhi will be constructed later. The total project completion cost is Rs 30,274 crore.

Currently, a 55km section across 11 stations from New Ashok Nagar to Meerut South is operational. Commuters travelling on this stretch said the launch of the entire corridor would ensure a more comfortable ride and also save time.

# Pvt schools can't collect unregulated fee from April 1: Delhi govt to HC

**New Delhi, Agency:** Delhi govt told the high court on Friday that private schools cannot collect fees from April 1 for the new academic session, unless it is determined and approved in accordance with the new fee-regulation law.



Opposing pleas moved by several schools' associations seeking a stay on the govt mandate to constitute school-level fee regulation committees for the upcoming academic year, additional solicitor general S V Raju said the consequences would be "disastrous" and no prejudice would be caused to the schools at this stage by forming such a panel.

A bench of Chief Justice D K Upadhyaya and Justice Tejas Karia was hearing the petitions filed by the schools' associations challenging the Feb 1 notification of the govt on setting up the committees within 10 days.

"My case is that schools cannot charge anything other than the approved fee under the Delhi School Education (Transparency in Fixation and Regulation of Fees) Act. They cannot collect from April 1 because the Act prohibits it. The Act prohibited for the earlier year also, but it has somehow been kept in abeyance. From April 1, 2026, if they want to collect fees, which is unregulated, they cannot do it," the senior law officer said on behalf of Delhi govt.

Raju defended the Feb 1 notification and said the process to determine school fees started "earlier" than prescribed so that the fee is determined before the new academic session, in accordance with the new law. The court listed the matter for hearing on Feb 24 and also extended till then the Feb-10 deadline set by Delhi govt for private schools to form the fee regulation committees. The court asked the senior counsel appearing for the Action Committee Unaided Recognised Private Schools to explain why they did not want to set up the committees.

# Meerut metro will zoom at same speed as Airport Line

**New Delhi, Agency:** Meerut Metro will be the fastest such system in the country from Sunday at a maximum operational speed of 120kmph, the same as Airport Express Line in Delhi, the fast metro corridor for a smooth link to IGI Airport. The Meerut Metro services will also run on the same tracks and infrastructure as the semi-high-speed Namo Bharat trains. The Airport Express Line became the fastest metro in the country in Sept 2023. Initially it ran at 90 kmph and Delhi Metro Rail Corporation gradually increased the speed in phases over six months. The average speed of Delhi Metro trains on regular lines is around 75kmph. The 24.9km Airport Express Line with seven stations takes 21 minutes from New Delhi to Yashobhoomi Dwarka Sector 25, while the travel time from Shivaji Stadium to IGI Airport Terminal 3 is 15 minutes.

